भारी बारिश के चलते महाराष्ट्र के रायगढ़ में बुधवार रात चट्टान खिसकने से 48 घर तबाह हो गए। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 75 लोगों का रेस्क्यू किया गया। 120 से ज्यादा लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। रायगढ़ जिले के इर्शालवाड़ी गांव में रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ की टीमें तैनात है। इस तरह की दुखद घटना से साबित होता है कि वर्षाकाल में दुर्घटनाओं का सिलसिला निरंतर जारी है। अफसोसजनक है कि इसके बाद भी व्यवस्थागत उदासीनता कायम है। उत्तराखंड के चमोली में अलकनंदा नदी के नमामि गंगे परियोजना के तहत जल-मल शोधन संयंत्र में करंट लगने से हुई 16 लोगों की मौतों में लापरवाही का अंदाजा इससे ही लग जाता है कि मंगलवार की रात को उसी जगह बिजली के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। फिर भी किसी ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन अगले दिन बुधवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जब मृतक का पंचनामा चल रहा था, तभी फिर से वहां लोहे के घेरे में करंट दौड़ गया। उसकी चपेट में मौके पर पुलिसकर्मियों और मृतक के कुछ रिश्तेदारों समेत सोलह लोगों की भी जान चली गई। कई बुरी तरह घायल हैं। निश्चित रूप से यह किसी तकनीकी खराबी और उस पर नजर रखने, समय से उसकी मरम्मत करने में व्यापक कोताही की वजह से हुआ होगा। सवाल है कि जब रात में करंट की वजह से ही एक व्यक्ति की जान जा चुकी थी, तब उसके कई घंटे के बाद भी वहां अन्य जगह पर बिजली कैसे प्रवाहित हो गई! जबकि यह बुनियादी तकाजा तो यही है कि पहली घटना का पता चलते ही सबसे पहले वहां बिजली के संपर्क को पूरी तरह काट दिया जाना चाहिए था। यह तो सामान्य सी बात है कि अगर बिजली आपूर्ति बाधित होने की मामूली समस्या को दूर करना होता है तो पहले वहां बिजली का संपर्क काटा जाता है, ताकि किसी हादसे की गुंजाइश ही न रहे। लेकिन यहां तो एक व्यक्ति की जान चले जाने के बावजूद ऐसी लापरवाही बरती गई है। अब सरकार की ओर से जांच और मुआवजे की घोषणा की गई है, इन घटनाओं जिन लोगों का जीवन चला गया, उसकी भरपाई शायद नहीं हो पाएगी। होना तो यह चाहिए था कि हादसे के बाद ऐसे पुख्ता इंतजाम किए जाते ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। किसी परियोजना स्थल या अन्य निर्माण कार्यों के दौरान हादसों में सुरक्षा इंतजामों की गड़बड़ी के बाद उसका तात्कालिक हल तो निकाल लिया जाता है, लेकिन उक्त खामी को दुरुस्त करने के कोई ठोस उपाय नहीं किए जाते। जिसका खमियाजा और गंभीर रूप में भुगतना पडता है। सुरक्षा इंतजामों में मामूली लापरवाही की भी कीमत किस रूप में सामने आती है, इसके त्रासद उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। ऐसे में घटनास्थल पर हुई लापरवाही के लिए वहां तैनात किसी कर्मचारी को जिम्मेदार मान लिया जा सकता है, लेकिन उसके ऊपर के तंत्र में निरीक्षण, जांच आदि करने से जुड़े समूचे तंत्र की क्या ड्यूटी होती है, इसकी भी पडताल की जानी चाहिए! किसी हादसे के बाद की औपचारिक कार्रवाई से हादसों पर लगाम लगाना संभव नहीं है। उसके लिए ऐसे ठोस इंतजाम करने होंगे, ताकि दोबारा वैसा त्रासदायी हादसा न हो सके।

2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाओं में हाथी अकेला चलेगा !

अशोक भाटिया

उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। मायावती ने कहा, एनडीए और आईएनडीआईए दोनों के साथ हम नहीं हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर निशाना साधा और कहा कि गठबंधन की राजनीति कांग्रेस करती है। उनका जातिवादी दलों के साथ गठबंधन है। वहीं, बीजेपी की बातें-दावे खोखले हैं। कांग्रेस सत्ता में आने के लिए गठबंधन कर रही है। हम ऐसा नहीं कर सकते। मायावती का कहना था कि लोकसभा चुनाव बेहद नजदीक हैं। एनडीए और विपक्षी पार्टियों के गठबंधन की बैठकों का दौर चल रहा है। एक तरफ एनडीए अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की दलीलें दे रहा है। दूसरी तरफ, विपक्ष गठबंधन सत्ताधारी को मात देने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें बसपा भी पीछे नहीं है।कांग्रेस पार्टी, अपने जैसी जातिवादी और पूंजीवादी सोच रखने वाली पार्टियों के साथ गठबंधन करके फिर से सत्ता में आने की सोच रही है। सभी विपक्षी दलों की सोच एक जैसी है, यही कारण है कि बसपा ने इनसे दूरी बनाई है। देखा जाय तो बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की कोशिशों को तभी तगड़ा झटका दिया था जब 15 जनवरी अपने जन्मदिन के अवसर पर मायावती ने 2024 को लेकर बसपा की रणनीति का खुलासा किया था। उन्होंने साफ किया था कि बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेगी। किसी के साथ कोई भी गठबंधन नहीं होगा। यही नहीं, 2023 में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं वहां भी कोई गठबंधन नहीं किया जाएगा।बसपा सुप्रीमो मायावती अपने 67वें जन्मदिन के मौके पर अलग अंदाज में नजर आईं थी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के हर एक सवाल का जवाब दिया था फिर चाहे वो बसपा को चुनाव में मिल रही हार पर सवाल हो या भाजपा के पसमांदा प्रेम पर। मायावती ने हर सवाल का खुलकर जवाब दिया। मायावती ने कहा कि 2023 में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और 2024 के लोकसभा के चुनाव बसपा अकेले लड़ेगी। किसी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी क्योंकि कांग्रेस ने कुछ दिनों से ये भ्रम फैला रखा था कि वो बसपा से गठबंधन करेंगे लेकिन बसपा ये नहीं करेगी। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस और कुछ अन्य दल हमारी पार्टी से गठबंधन करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हमारी विचारधारा अन्य पार्टियों से एकदम अलग है। बसपा लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों में किसी भी पार्टी से कोई गठबंधन नहीं करेगी। देखा जाय तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी करीब 25 फीसदी वोट बैंक की राजनीति करती रही है लेकिन, लोकसभा चुनाव 2014 के बाद से पार्टी की स्थिति लगातार खराब होती गई। वर्ष 2007 में उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के समय मायावती ने पार्टी के बहुजन को सर्वजन में बदलकर प्रदेश में अकेले दम पर सरकार बनाने लायक बहुमत दिला दिया था। इस चुनाव में बसपा के कोर वोट बैंक दलित, मुस्लिम और ओबीसी के साथ ब्राह्मण वोट को जोड़ा गया था हालांकि, यह दांव मायावती पर भारी पड़ गया। इस चुनाव के बाद पार्टी लगातार प्रदेश के चुनावी मैदान में पिछड़ती चली गई। करीब 2 साल बाद ही हुए लोकसभा चुनाव 2009 में पार्टी को आशातीत सफलता नहीं मिली। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 20 सीटों पर जीत दर्ज की थी। सत्ता में रहने के बावजूद प्रदेश में पार्टी तीसरे स्थान पर रही। बसपा के आगे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस थी। सपा को 23 और कांग्रेस को 21 सीटों पर जीत मिली थी। 2007 के उत्तरप्रदेश चुनाव में बसपा के साथ गया ब्राह्मण वोट बैंक कांग्रेस से जुड़ा और पूरा खेल पलट गया। मायावती ने अपने शासनकाल में विकास और कानून व्यवस्था की स्थिति का जिक्र अब तक करती है लेकिन इसे अपने वोट बैंक तक पहुंचाने में वे कामयाब नहीं रहीं। 2007 से 2012 तक उत्तर प्रदेश की सत्ता में रहने और प्रभावी कानून व्यवस्था के बावजूद मायावती प्रदेश की राजनीति में वह छाप नहीं छोड़ पाईं जिससे उनकी वापसी संभव हो सके। ऐसे में उन्होंने आगामी राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले गठबंधन न करने की घोषणा कर बड़ा संदेश अपने वोट बैंक को देने का प्रयास किया। लोकसभा चुनाव 2014 के बाद से हुए चुनाव परिणाम इसकी गवाही देते हैं। बसपा ने इस दरम्यान कई राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन किया लेकिन उसका परिणाम पार्टी के पक्ष में उस स्तर पर निकल कर नहीं आया। बसपा के संस्थापक कांशीराम ने पंजाब से आकर उत्तर प्रदेश की राजनीति को खासा प्रभावित किया था लेकिन पंजाब चुनाव 2022 में बसपा ने अकाली दल से गठबंधन किया लेकिन पार्टी को कोई बड़ी सफलता नहीं मिली। अन्य राज्यों में भी पार्टी को गठबंधन का लाभ नहीं मिल पाया है। समान विचारधारा वाली पार्टियों से गठबंधन के बाद भी मायावती अपने वोट बैंक को अपने पक्ष में मोड़ पाने में कामयाब नहीं हो पाईं। वोट ट्रांसफर कराने में कामयाबी नहीं मिली तो अब उन्होंने वोट बैंक के बीच खुद को स्थापित करने का निर्णय ले लिया है। कांशीराम ने बहुजन समाज को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व की बात करते हुए बसपा की स्थापना की थी। वे अपने उस लक्ष्य को लेकर चलते रहे लेकिन वर्ष 2007 में मायावती ने जिस मनुवाद की खिलाफत को लेकर पार्टी का गठन किया गया, उस ब्राह्मण समाज को साथ ले लिया। इसके बाद दलितों का एक प्रकार से इस पार्टी से मोहभंग हुआ। वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की दखल ने गैर यादव ओबीसी वर्ग को अपनी तरफ लाने में बड़ी कामयाबी हासिल की। यह बसपा के लिए पहला झटका था। इसके बाद से लगातार मायावती को झटके लगे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से स्थिति में बदलाव होता दिखा। उत्तर प्रदेश की राजनीति पलटी। सवर्ण और ओबीसी एक पाले में आए तो तमाम गठबंधन धराशायी हो गए। भाजपा ने इसके बाद मायावती की दलित पॉलिटिक्स में सेंधमारी की। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव परिणाम इसकी गवाही देते हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा को 19.60 फीसदी वोट मिले, लेकिन पार्टी का एक भी सांसद नहीं चुना जा सका। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन मायावती के लिए भारी पड़ा। जिस प्रकार वर्ष 2007 में छोटे लक्ष्य के लिए ब्राह्मणों को साधने का जो दांव मायावती ने खेला था, कुछ उसी प्रकार की स्थिति फिर दिखी। मायावती का वोट बैंक समाजवादी पार्टी की खिलाफत करता रहा था। लखनऊ का गठबंधन गांवों में उतर नहीं पाया। इस कारण वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 19.3 फीसदी वोट हासिल करने के बाद भी बसपा भाजपा को 49 .6 फीसदी यानी करीब 50 फीसदी वोट हासिल करने से रोक नहीं पाई। गठबंधन से नाराज वोट बैंक ने भाजपा का रुख कर लिया। उत्तर प्रदेश चुनाव 2022 में कुछ यही स्थिति दिखी। गैर जाटव दलित वोट भाजपा और सपा में बंटता दिखा। मायावती अब इसी वोट बैंक को साधने की कोशिश करती दिख रही हैं। अपने आधार वोट बैंक दलित और मुस्लिम को साधने की कोशिश मायावती ने शुरू कर दी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इमरान मसूद जैसे नेताओं के जरिए पार्टी का जनाधार बढ़ाने का प्रयास है। चलो गांव की ओर कार्यक्रम के जरिए पार्टी अपने वोटरों को मनाने की कोशिश करेगी। उन्हें समझाया जाएगा कि पार्टी अब अपने पुराने स्वरूप में लौट आई है।

धार्मिक उग्रवाद के विरोध में धर्मनिरपेक्षता

संजीव ठाकुर

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है। जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है। धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है। इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए, रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना भी है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता में पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं। धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है। भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है। भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है। भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें। भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है। धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है। भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है। हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र को अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें। आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था। स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है।

स्वयं की विरासत को नुकसान पहुंचाता पाकिस्तान

सुनील कुमार महला

यह बहुत ही दुखद, विडंबनापूर्ण और शर्मनाक है कि सीमा हैदर, जो कि ग्रेटर नोएडा में पाकिस्तान से आई थी तथा जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत की राजधानी कराची की रहने वाली है, को लौटाने की धमकी देने वाले पाकिस्तानी डकैतों ने अब हिंदू मंदिरों पर हमले करने शुरू कर दिए हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में पाकिस्तान में डकैतों ने एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया है। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि डकैतों के एक गिरोह ने सिंध के काशमोर में हिंदू समुदाय के सदस्यों के एक पूजा स्थल पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया। हमलावरों ने गौसपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले एक मंदिर और आसपास के हिंदुओं के घरों पर भी हमला किया। उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी कर हिंदू समुदाय में दहशत फैलाने की कोशिश की। यह सामने आया है कि काश्मोर-कंधकोट के एसएसपी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को घटनास्थल पर पहुंचना पड़ा।इसके अलावा एक 150 साल पुराने हिंदू मंदिर को भी गिरा दिया गया है। कितनी बड़ी बात है कि एक तरफ तो पाकिस्तान सरकार भारत से सीमा हैदर की सही सलामती को लेकर जानकारी मांग रही है, साथ ही काउंसलर एक्सेस मुहैया कराने का भी अनुरोध किया गया है, वहीं दूसरी ओर सीमा हैदर को लेकर पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि सीमा और सचिन सर्वप्रथम वर्ष 2019 में ऑनलाइन वीडियो गेम पबजी के माध्यम से एक-दूसरे के संपर्क में आए थे और इसी साल मार्च में सचिन और सीमा नेपाल की राजधानी काठमांडू में मिले थे, जहां वे सात दिनों तक एक साथ रहे और गुपचुप तरीके से शादी भी कर ली। इसके बाद सीमा वापस पाकिस्तान चली गई थी और सचिन भारत लौट आया। मीडिया के हवाले से पता चला है कि सीमा ने कराची में अपना घर ग्यारह लाख में बेचकर अपने बच्चों के लिए नेपाल के लिए वीजा और फ्लाइट के टिकट का इंतजाम किया। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि सीमा हैदर ने पाकिस्तान से पहले संयुक्त अरब अमीरात और बाद में नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ की थी। वह अपने चार बच्चों समेत ग्रेटर नोएडा में डेढ़ महीने से अधिक समय रही। बाद में 4 जुलाई को हरियाणा के बल्लभगढ़ में सचिन और सीमा को गिरफ्तार करके लुक्सर जेल भेज दिया गया। हालांकि, 7 जुलाई को जेवर की एक अदालत ने सचिन और सीमा को जमानत दे दी थी।अदालत ने आदेश दिया कि जब तक मामले की सुनवाई चल रही है, तब तक सीमा अपना घर नहीं बदलेगी और सचिन के साथ ही रहेगी। अब माना जा रहा है कि आगे माननीय अदालत जो आदेश देगी, उसके अनुसार भारत सरकार विदेशी महिला को लेकर फैसला लेगी। अब सीमा हैदर व सचिन के मामले में यह बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान में सिर्फ़ हिंदू मंदिरों को ही नुकसान नहीं पहुंचाया जा रहा है अपितु सिंध में करीब 30 हिंदुओं को बंधक भी बनाया गया है। पाठकों को यहां यह जानना जरूरी है कि सीमा हैदर के भारत आने के बाद पाकिस्तानी हिंदुओं को कट्टरपंथियों ने अंजाम भुगतने की धमकी दी थी, कट्टरपंथियों ने यह बात कही थी कि अगर सीमा हैदर को भारत सरकार ने वापस नहीं किया तो पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों पर हमले किए जाएंगे। यहां पाठकों को यह भी बता दूं कि पाकिस्तान के कराची के सोल्जर बाजार इलाके में मौजूद मरी माता मंदिर को गिराने की घटना का कनेक्शन भी सीमा हैदर की भारत में घुसपैठ से जोड़ा जा रहा है। बहरहाल, यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों पर हमले, तोड़फोड़, हिंदुओं पर अन्याय, अत्याचार व हिंसा(डराना धमकाना , मारपीट)की जा रही हो, इससे पहले भी पाकिस्तान में ऐसी घटनाएं होती रही हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल जून 2022 में भी मारी माता मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा गया था। पाकिस्तान ऐसा देश है जहां हिंदू लड़कियों के अगवा होने और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के कई मामले समय समय पर पहले भी सामने आ चुके हैं। इसी वर्ष कुछ समय पहले पाकिस्तान के सिंध में एक 20 वर्षीय हिन्दू लड़की को अगवा कर लिया गया था और इसके बाद उसपर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाया गया। आज से दस ग्यारह साल पहले भी पाकिस्तान के पीओके, खैबर, पख्तून, बलूच, पेशावर आदि इलाके से हिन्दुओं को भगाया गया था, सिंध और पंजाब में अत्याचार की घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि ऐसे मामलों में वहां की सरकार और मानवाधिकार के लोग चुप्पी साधे हुए बैठे रहते हैं। एक एजेंसी की एक खबर के अनुसार पाक में ईशनिंदा कानून हिंदुओं पर अत्याचार का हथियार बना और सिर्फ वर्ष 2021 में ही 585 गिरफ्तारियां हुईं। दिसंबर 2022 में ही मीडिया के हवाले से यह खबरें आईं थीं कि पाकिस्तान के अलग-अलग प्रांतों में बने हिंदुओं के मंदिरों, देवी-देवताओं की मूर्तियों को तहस-नहस करके बर्बाद कर दिया गया। हिंदुओं के परिवारों की बेटियों के साथ घर की गलियों के बाहर, चौराहों पर जो बेहूदगी और नीच व्यवहार, शर्मनाक कृत्य किया गया है,उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारत यूएन में भी अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों को लेकर पाकिस्तान को लताड़ लगा चुका है, लेकिन बावजूद इसके हिंदुओं पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पाकिस्तान में समय समय पर हिंदू परिवारों के खौफ और डर में जीने की खबरें रह-रहकर आती रही हैं, और यह तथ्य किसी से छिपा हुआ नहीं है। यह विडंबना ही है कि पाकिस्तान में कभी भी, कहीं भी जब जी में चाहें तब छात्रों, डॉक्टरों, इंजीनियरों, शिक्षकों और समुदाय के नेताओं को अक्सर अगवा कर लिया जाता है। हिंदू ही नहीं ईसाई समुदाय व अन्य के साथ भी उतना ही बुरा बर्ताव किया जाता है। सच तो यह है कि ईशनिंदा कानूनों के माध्यम से अन्य समुदायों और धर्म के लोगों को पाकिस्तान में अक्सर टारगेट किया जाता है। वर्ष 2022 में ही पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई। जानकारी देना चाहूंगा कि पाकिस्तान में कट्टरपंथियों के आतंक के कारण अल्पसंख्यक लगातार वहाँ से भारत आ रहे हैं या अन्य कहीं पर शरण लेने को मजबूर हो रहे हैं। इस संबंध में एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 1971 से करीबन 7 लाख पाकिस्तानी विस्थापित होकर राजस्थान आए हैं। बहरहाल, पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों पर हमलों को किसी भी हाल व परिस्थितियों में ठीक नहीं ठहराया जा सकता है।

मंदिर किसी भी देश की ही नहीं यदि मानें तो इस संपूर्ण विश्व की धरोहर होते हैं। प्राचीन मंदिर तो हमें अतीत में वापस ले जाते हैं, इन्हें तोड़ना सांस्कृतिक, धार्मिक व प्राचीनतम धरोहर को नुकसान पहुंचाना है। मंदिरों को तोड़ने से, उन्हें नुकसान पहुंचाने से पाकिस्तान को कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है।

बाढ़ की आड़ में



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

चिल्लाऊराम न्यूज चैनल का माइक कांख में ऐसे दबाए है, जैसे सुग्रीव ने रावण को दबाया हो। सिर पर किसी का मौँगा हुआ पॉलिथिन कवर लगाए बाढ़ में मौँग-मौँगकर खाने वालों की डाक्यूमेंटरी फिल्म बनाने निकला है। साथ में है कैमरामैन गप्पूभैया। वह बाढ़ में एकदम भीग चुका है। बाढ़ के पानी से नहीं, पसीने के पानी से। बाढ़ में कैमरा न खराब हो जाए इसी चिंता में उसके बदन से धाराप्रवाह के साथ पसीना छूट रहा है। दोनों ने पैंट तो ऐसे फोल्ड कर रखा है, जैसे बाढ़ की त्रासदी इन दोनों पर ही टूटी हो। किसी के घर की छत पर बैठकर चिल्लाऊराम ने बाढ़ में धड़ तक डूबे रामसहाय से पूछा– आपको कैसा लग रहा है? रामसहाय ने बनावटी हँसी हँसते हुए और दाँत निपोरते हुए कहा– साहब! यहाँ बड़ा मजा आ रहा है। जब भगवान ने गरीबों के लिए इतना बड़ा स्विमिंगपुल बनाया है तब मजा लेने का कोई अवसर कैसे गंवा सकते हैं? एकदम स्वर्ग-सा एहसास हो रहा है। इस पर चिल्लाऊराम ने रामसहाय को आँखें दिखाते हुए कहा- यहाँ लोग बाढ़ से परेशान हैं और तुम्हें मजाक सूझ रहा है। दिमाग-विमाग ठिकाने तो है? रामसहाय ने मुँह पर तमाचा जड़ने वाला उत्तर देते हुए कहा- लगता है साहब आपका आपका दिमाग-विमाग खराब हो गया है। अब तुम्हीं बताओ भला किसी को बाढ़ में धड़ तक डूबे रहने में मजा आएगा? सवाल पूछने का भी अपना एक तरीका होता है। ऊपर-नीचे, दाएँ-बाएँ का माहौल देखिए। महसूस कीजिए। फिर सवाल पूछिए। ऐसे थोड़े न होता है कि माइक उठाया और जो मुँह को आया सवाल पूछने लगे। रामसहाय का उत्तर सुन चिल्लाऊराम इतना सा मुँह लेकर रह गया। उसने टाइमपास टकले को डाँटते हुए वीडियो क्लिप डिलिट करने के लिए कहा। डॉक्यूमेंटरी फिल्म की प्रभावोत्पादकता को बढ़ाने के लक्ष्य से दोनों गिद्ध की तरह लाशों की खोज में लगे हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में हृदयविदारक दृश्य देखने के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। तभी उनकी नजर बच्चों की हथेलियों से भात खाने के लिए टूट पड़े चूहों पर पड़ी। वे ऐसे ही किसी दृश्य का बाहें खोले इंतजार कर रहे थे। मानो भगवान ने उनकी मुराद पूरी कर दी। टकले ने कैमरे को कुछ इस तरह पकड़ा जिसमें बच्चे की हथेली पर चूहे और भिनभिनाती मक्खियाँ कवर हो रहे थे। बच्चे की माता टकले और चिल्लाऊराम को सहायता करने के लिए हाथ-पैर जोड़ रही है और कह रही है– बह गइले बाढ़वा में अन, धन, घरवा। ये दोनों महाशय हैं कि बहती गंगा में हाथ धोने का कोई अवसर गंवाना नहीं चाहते हैं। यहाँ इनकी गंगा बाढ़ के रूप में वरदान के रूप में प्रकट हुई है। किसी की खटिया बह गई तो किसी का खान-पान का पूरा सामान, किसी के बच्चे-बूढ़े ग्रस्त फिर दिए गए, तो किसी के बचे-खुचे रुपये भीग-भागकर ऐसे बन गए जिसमें गांधी जी को इतिहासकार भी पहचानने से इंकार कर देते।

इतनी देर से क्यों जागा डीजीसीए ?

रजनीश कपूर

जब भी कभी कोई विमान हादसा होता है या होते-होते टल जाता है तो भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ऐसी घटना की जाँच करता है। ऐसे मामलों में जाँच पूरी होने तक डीजीसीए उस विमान के पायलट व क्रू को 'ग्राउंड' कर देता है यानी उड़ान भरने पर रोक लगा देता है। सवाल है कि क्या डीजीसीए का सिर्फ़ इतना ही फ़र्ज़ है? सवाल ये भी है कि क्या ऐसी दुर्घटनाओं के बाद की जाने वाली इन ऐसी जाँच में केवल एयरलाइन के स्टाफ़ की ही गलती क्यों सामने आती है? क्या डीजीसीए के अधिकारियों को हवाई जहाज की नियमित जाँच और रख-रखाव की पड़ताल नहीं करनी चाहिए, जो उनका फ़र्ज़ है? यदि डीजीसीए द्वारा ऐसे निरीक्षण समय- समय पर होते रहें तो ऐसे हादसे टाले जा सकते हैं। आज हम देश की एक नामी एयरलाइन इंडिगो के बारे में बात करेंगे। निजी क्षेत्र की यह एयरलाइन पिछले महीने काफ़ी सुर्ख़ियों में रही। कारण था इसके विमानों में लैंडिंग के समय होने वाली टेलस्ट्राइक। जब भी कभी विमान का पिछला हिस्सा जमीन से टकरा जाता है उसे टेलस्ट्राइक कहते हैं। अक्सर एयरलाइन कंपनियाँ ऐसी घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करतीं। गौरतलब है कि टेलस्ट्राइक की घटना जानलेवा होने के साथ-साथ विमान में हवा का दबाव को स्थिर रखने वाले ढाँचे को भी नुक़सान पहुँचा सकती है। टेलस्ट्राइक विमान के टेकऑफ़ या लैंडिंग के समय होती है। जब भी कभी किसी भी विमान के साथ ऐसा हादसा होता है तो उसे मरम्मत करने के लिए ग्राउंड कर दिया जाता है। भारत के नागरिक उड्डयन इतिहास में टेलस्ट्राइक की घटनाएँ काफ़ी कम हैं। इंडिगो के विमानों ने बीते एक साल में केवल चार घटनाओं को ही रिपोर्ट किया। जबकि सूत्रों के अनुसार यह संख्या इससे दोगुनी है। जैसे ही इंडिगो द्वारा चार घटनाओं की पुष्टि हुई तो डीजीसीए हरकत में आया। यहाँ सवाल उठता है कि क्या डीजीसीए द्वारा की जाने वाली इस अनदेखी के लिये केवल इंडिगो ही जिम्मेदार है? क्या डीजीसीए ने इंडिगो के विमानों का नियमित ऑडिट किया था?

ऐसी घटनाओं के बाद ही डीजीसीए को क्यों ऑडिट करने की सूझी? यदि डीजीसीए के अधिकारी एयरलाइन की न सुनकर, क़ानून के हिसाब से हर एयरलाइन का नियमित व विस्तृत ऑडिट करते रहें तो डीजीसीए पर उँगलियाँ नहीं उठेंगी। पर पता नहीं किस लालच या दबाव में ये जाँच नहीं होती। अब प्रश्न ये है कि टेलस्ट्राइक की घटनाएँ क्यों होती हैं? विमान को लैंड करते समय, यात्रियों को जोर का झटका न लगे इसलिए अक्सर पायलट विमान के नोज़ को नीचे उतारते समय विमान के पिछले हिस्से को थोड़ा झुका लेते हैं और अगले हिस्से को उठा लेते हैं। ऐसे में विमान की 'सॉफ्ट लैंडिंग' होती है। यदि विमान लैंड होते समय ज़ोर से झटका लगता है तो उसे 'हार्ड लैंडिंग' कहा जाता है। विमान में लगे यंत्रों में तयशुदा मापदंडों से अधिक झटका लगने वाले झटके से 'हार्ड लैंडिंग' की रिपोर्ट स्वतः ही विमान के सिस्टम में दर्ज हो जाती है। जिसका ख़ामियाज़ा पायलट को भुगतना पड़ता है। इसलिए, एयरलाइन अपने पायलटों को 'हार्ड लैंडिंग' से हमेशा बचने की हिदायत देतीं हैं। जबकि 2010 के मैंगलोर हादसे के बाद से ही डीजीसीए ने इस बात पर ज़ोर दिया था कि एयरलाइन कंपनियाँ पायलटों को 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने के लिए दबाव न डालें। यदि ज़रूरी हो तो 'हार्ड लैंडिंग' की इजाज़त भी दें।

एविएशन के जानकारों के अनुसार टेलस्ट्राइक हो या विमान के इंजन में होने वाली कोई ख़राबी, इसका कारण नियमित रख-रखाव का न होना, विमान के स्पेयर पार्ट की गुणवत्ता और पायलट को उचित ट्रेनिंग का न होना है। इसके साथ ही डीजीसीए के अधिकारियों द्वारा ऐसी कमियों को अनदेखा करना भी एक प्रमुख कारण है। यदि डीजीसीए के अधिकारी एयरलाइन के दबाव या अन्य लालच के चलते इस बात पर ज़ोर न दें कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और शायद ऐसी घटनाएँ न हों। कोविड महामारी के बाद नागरिक उड्डयन क्षेत्र धीरे-धीरे अपने पैरों पर फिर से खड़ा होने का प्रयास कर रहा है। एयरलाइन कंपनियों का मुनाफ़ा भी अब धीरे-धीरे ऊँचाई छूने का प्रयास कर रहा है।

ऐसे में एयरलाइन कंपनियों को विमानों के रख-रखाव में और पायलटों के प्रशिक्षण में किसी भी तरह का समझौता नहीं करना चाहिए। विमान के इंजीनियर हों, पायलट हों या अन्य कर्मचारी, उनसे क्षमता से अधिक काम न लिया जाए कि वो थकी अवस्था में भी काम करने को मजबूर न हों। पैसा बचाने व ज्यादा मुनाफ़ा कमाने की मंशा से एयरलाइन को यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

अधिमास की विनायक चतुर्थी कल

19 साल बाद बना है खास संयोग

पंचांग के अनुसार अधिकमास की विनायक चतुर्थी तिथि 21 जुलाई 2023 को सुबह 06 बजकर 58 मिनट पर शुरू होगी और 22 जुलाई 2023 को सुबह 09 बजकर 26 मिनट पर इसका समापन होगा. विनायक चतुर्थी तिथि गणपति की जन्म तिथि है, विद्वानों के अनुसार श्री गणेश का जन्म मध्यकाल में हुआ था, इसलिए विनायक चतुर्थी पर गणेश जी की पूजा दिन में की जाती है. गणेश पूजा मुहूर्त - सुबह 11.05 - दोपहर 01.50

श्रीहरि का प्रिय महीना अधिकमास 18 जुलाई 2023 से शुरू हो रहा है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर महीने में अमावस्या के बाद आने वाली शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी कहते हैं। सावन में अधिकमास की चतुर्थी 19 साल बाद आई है। यही वजह है कि इस साल अधिकमास की विनायक चतुर्थी बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

चतुर्थी तिथि के स्वामी गणपति जी है, वहीं अधिकमास विष्णु जी को समर्पित है, सावन शिव का प्रिय महीना है। ऐसे में सावन अधिकमास की चतुर्थी तिथि का व्रत करने वालों को इन तीनों देवताओं के आशीर्वाद असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। आइए जानते हैं अधिकमास विनायक चतुर्थी की डेट, मुहूर्त और महत्व।

सावन अधिकमास की विनायक चतुर्थी 21 जुलाई 2023 शुक्रवार को है। इस दिन गणपति की पूजा करने से बच्चों को करियर में उन्नति मिलती है, नौकरीपेशा और व्यापारियों के तरक्की के रास्ते खुल जाते हैं। बिना किसी विघ्न के हर कार्य में सफलता मिलती है।

अधिकमास विनायक चतुर्थी महत्व

अधिकमास हर 3 साल बाद आता है। यही वजह है कि इस माह के हर व्रत-त्योहार का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि अधिकमास में किए गए धार्मिक कार्यों का किसी भी अन्य माह में किए गए पूजा-पाठ से 10 गुना अधिक फल मिलता है। पुराणों के अनुसार अधिकमास की विनायक चतुर्थी पर गणपति जी की पूजा करने वालों को कभी धन की कमी नहीं रहती। संतान प्राप्ति के लिए ये व्रत उत्तम फलदायी माना गया है। विनायक चतुर्थी व्रत के प्रभाव से हर संकट और बाधा का नाश होता है।

अधिकमास विनायक चतुर्थी पूजा विधि

अधिकमास विनायक चतुर्थी पर दोपहर में पूर्व दिशा की ओर मुख करके भगवान गणपति की पूजा अर्चना 108 दूर्वा की पत्तियों से करें। गाय के घी का दीपक जलाकर वक्रतुंडाय हुं मंत्र का 108 बार जाप करें। जाप के बाद पूजा के स्थान में रखे हुए जल का छिड़काव इन्हीं दूर्वा की पत्तियों से सारे घर में करें। मान्यता है इससे नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और घर में खुशहाली आती है।

भगवान विष्णु के दिव्य अवतार

हिंदू धर्म में प्रमुख देवताओं में से एक भगवान विष्णु को ब्रह्मांड का संरक्षक और रक्षक माना जाता है। माना जाता है कि जब भी खतरा होता है तो संतुलन और धार्मिकता को बहाल करने के लिए वह विभिन्न रूपों या अवतारों में पृथ्वी पर उतरे थे। इन अवतारों में विभिन्न गुण होते हैं और अद्वितीय विशेषताएं होती हैं जो विशिष्ट दिव्य उद्देश्यों को पूरा करती हैं। इस लेख में, हम भगवान विष्णु के बारह अवतारों का पता लगाएंगे, उनके महत्व, कहानियों और उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली गहन शिक्षाओं का पता लगाएंगे।

मत्स्य अवतार - मछली अवतार:
भगवान विष्णु का पहला अवतार मत्स्य है, मछली। इस रूप में विष्णु ने मानव जाति के पूर्वज मनु का उद्धार कर मानवता और वेदों को महाप्रलय से बचाया था। यह अवतार संरक्षण और संरक्षण के महत्व का प्रतीक है।

कूर्म अवतार - कछुआ अवतार:
कछुए कूर्म के रूप में भगवान विष्णु ने अमरत्व का अमृत प्राप्त करने के लिए ब्रह्मांडीय सागर मंथन के दौरान मंदरा पर्वत का साथ दिया था। यह अवतार चुनौतियों का सामना करने में स्थिरता और धैर्य की आवश्यकता को दर्शाता है।

वराह अवतार - सूअर अवतार:
तीसरे अवतार, वराह, भगवान विष्णु को सूअर के रूप में दर्शाता है। विष्णु ने पृथ्वी देवी, भूदेवी को राक्षस हिरण्याक्ष के चंगुल से बचाने के लिए यह रूप धारण किया। यह अवतार धार्मिकता की रक्षा और बुरी शक्तियों के उन्मूलन पर जोर देता है।

नरसिंह अवतार - शेर-आदमी अवतार:
नरसिंह, आधा आदमी और आधा शेर रूप, राक्षस राजा हिरण्यकश्यप को हराने के लिए उभरा, जिसने अजेयता का वरदान प्राप्त किया था। यह अवतार अहंकार के विनाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का उदाहरण है।

वामन अवतार - बौना अवतार:
भगवान विष्णु के बौने रूप वामन ने संतुलन बहाल करने के लिए अवतार लिया जब राक्षस राजा बलि एक अनियंत्रित शासक बन गया। विष्णु ने बौने का वेश धारण कर तीन पग भूमि मांगी, जिससे संपूर्ण ब्रह्मांड ढक गया। यह अवतार विनम्रता और धर्मी शासन के महत्व को सिखाता है।

परशुराम अवतार - योद्धा ऋषि अवतार:
परशुराम, योद्धा ऋषि अवतार, पृथ्वी से भ्रष्ट और दमनकारी क्षत्रिय राजाओं को खत्म करने के लिए उठे। उन्होंने न्याय को बनाए रखने और कमजोरों की रक्षा करने के महत्व पर जोर देते हुए एक दुर्जेय कुल्हाड़ी लहराई और व्यवस्था को बहाल किया।

भगवान राम - आदर्श राजा अवतार:
सबसे श्रद्धेय अवतारों में से एक माना जाता है, भगवान राम धार्मिकता, भक्ति और धर्म का प्रतीक हैं। महाकाव्य रामायण में वर्णित उनकी कहानी, अपने कर्तव्यों को पूरा करने, नैतिक मूल्यों को बनाए रखने और बुराई पर अच्छाई की जीत के महत्व पर जोर देती है।

भगवान कृष्ण - दिव्य शिक्षक अवतार:
भगवान कृष्ण, करामाती और करिश्माई अवतार, दिव्य प्रेम, ज्ञान और ज्ञान का उदाहरण देते हैं। भगवद गीता में उनकी शिक्षाएं कर्तव्य, भक्ति और मोक्ष के अंतिम मार्ग की अवधारणाओं का पता लगाती हैं, जो मानवता पर एक अमिट प्रभाव छोड़ती हैं।

बुद्ध अवतार - प्रबुद्ध ऋषि अवतार:
बुद्ध अवतार, भगवान विष्णु की एक अनूठी अभिव्यक्ति, अहिंसा, करुणा और ज्ञान की शिक्षाओं का प्रसार किया। यह अवतार आत्म-साक्षात्कार और जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति के महत्व पर जोर देता है।

कल्कि अवतार - उद्धारकर्ता अवतार:
वर्तमान ब्रह्मांडीय चक्र में अंतिम अवतार, कल्कि अभी तक दिखाई नहीं दिया है। भगवान विष्णु कलियुग के अंत में कल्कि के रूप में उतरेंगे, अंधेरे के युग, धार्मिकता को बहाल करने और शांति और सद्भाव के एक नए युग में प्रवेश करने के लिए।

समाप्ति: भगवान विष्णु के बारह अवतार दिव्य उद्देश्य, धार्मिकता और अच्छे और बुरे के बीच शाश्वत लड़ाई की गहरी समझ को प्रकट करते हैं। प्रत्येक अवतार एक अद्वितीय संदेश देता है और मूल्यवान सबक प्रदान करता है जो मानवता को आध्यात्मिक विकास और नैतिक जीवन की ओर मार्गदर्शन करता है। इन अवतारों का अध्ययन और चिंतन करके, हम धैर्य, विनम्रता, धार्मिकता और भक्ति जैसे गुणों को विकसित कर सकते हैं, जो परमात्मा के साथ गहरा संबंध बनाते हैं। अंत में, भगवान विष्णु के अवतार केवल पौराणिक कथाएं नहीं हैं, बल्कि मानवता के लिए कालातीत ज्ञान और मार्गदर्शन रखते हैं। इन अवतारों द्वारा प्रदान किए जाने वाले गुणों और सबक को गले लगाकर, व्यक्ति व्यक्तिगत विकास, धर्मी जीवन और आध्यात्मिक ज्ञान की दिशा में प्रयास कर सकते हैं।

संयम में श्रद्धा नहीं ,फिर क्यों धारे वेश

श्री ज्ञानमुनिजी म.सा

पढे लिखे वक्ता बने, काव्यों के कर्तार।
संयम धर्म में श्रद्धा न जो, तो सब कुछ है बेकार।।
संयम में श्रद्धा नहीं, फिर क्यों धारे वेश।
दीप जले ना तैल बिन, क्यों लोचे तूं केश।।
सम्यक् श्रद्धा (दर्शन) के बिना, मिले न सम्यक ज्ञान।
आये नहीं समकित धन, तो सब कुछ धूल समान।।
समझा समझा एक है, अन समझा सब एक।
समझा तब ही जानिये, निर्मल श्रद्धा विवेक।।
कूद पड दरिया में क्या तूफां का डर किश्ती का फक्रि
है अगर तुमको यकीं, फज्ले खुदा हो जाएगा।।
पढ्या न पिंगल फारसी, नहीं पढ्या स्वर छंद।
महामंत्र नवकार ही सदा करे आनंद।।
स्वच्छंद मत आग्रह तजी, वर्ते सद्गुरु लक्ष।
समकित तेने भाखियु, कारण गणी प्रत्यक्ष।
दुआ करो कि मुझे ताबे दीद हो जाये।
मैं बेवशर हूं, नजारों की बात करता हूं।।
एक गुल पर हो फिदा, बुल बुल तूं हरजाई न बन।
खुद तमाशा बन मगर, दुनिया तमाशाई न बन।।
होइ विवेक मोह भ्रम भागा।
तब रघुनाथ चरण अनुरागा।।
सम्यग् दृष्टि जीवडा, करे कुटुम्ब प्रतिपाल।
अंतर से न्यारा रहे, ज्यूं धाय खिलावे बाल।।
मिथ्या दृष्टि जीवडा, करे कुटुम्ब प्रतिपाल।
भीतर से लागा रहे, ज्यों माय खिलावे बाल।।
समकित रा सुविशेष, जतन जापता जो करै।
किंचित रहे न क्लेश, सरसै जीवन श्रावक।।
सालै नान्हीं शूल, खिण-खिण में खटको रहै।
शंक है प्रतिकूल सुध समकित में श्रावकां।।
श्रद्धा विनय समेत, धारो आगम धारणा।
रल नहीं ज्यावै रेत, सरस सुधा में श्रावकां।।।

अधिक मास में दान-पुण्य करने की है परंपरा

मेष राशि के लोग घी, वृषभ राशि के लोग चावल और कुंभ राशि के लोग तेल का दान करें, जानिए 12 राशियों के लिए दान

अधिक मास में विवाह तय करना, सगाई करना, कोई जमीन, मकान, भूमि खरीदने के अनुबंध किए जा सकते हैं। इस महीने में किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, पूजा-पाठ के साथ ही दान-पुण्य भी करना चाहिए। दान राशि अनुसार करेंगे तो कुंडली के ग्रह दोषों का असर भी कम हो सकता है। दान किसी मंदिर में या जरूरतमंद लोगों को करना चाहिए। जानिए राशि अनुसार किन चीजों का दान कर सकते हैं...

मेष- मालपुए, घी, घोड़ा, चांदी, लाल वस्त्र, केले, अनार, सोना, तांबा, भूमि, मूंगा, गेंहू।
वृषभ- सफेद कपड़े, चांदी, मालपुए, मावा, शकर, चावल, केले, गाय, मोती, वाहन।
मिथुन- पन्ना, मूंग की दाल, सोना, तेल, सेवफल, मालपुए, गाय।
कर्क- मोती, चांदी, जल, तेल, सफेद कपड़े, भूमि, मालपुए, मावा, दूध, शकर, चावल।
सिंह- लाल कपड़े, तांबा, पीतल, सोना, चांदी, गेंहू, मसूर, धार्मिक पुस्तकें, अनार, सेवफल, मालपुए।
कन्या- पन्ना, मूंग की दाल, केले, सेवफल, मालपुए, महिलाओं के सौंदर्य की चीजें।
तुला- सफेद कपड़े, चांदी, मालपुए, मावा, चीनी, चावल, केले, बैल, गाय, हीरा, मोती, वाहन।
वृश्चिक- मालपुए, घी, घोड़ा, चांदी, लाल वस्त्र, केले, अनार, स्वर्ण, तांबा, भूमि, मेढ़ा, मूंगा, गेंहू।
धनु- पीला वस्त्र, चने की दाल, घोड़ा, लकड़ी का सामान, घी, तिल, अनाज, दूध, पढ़ाई से जुड़ी चीजें।
मकर- तेल, नीले कपड़े, केले, मालपुए, औजार, लोहे से बनी घर के लिए जरूरी चीजें।
कुंभ- दवाईया, गाय, नीले कपड़े, चांदी, केले, मालपुए, मौसमी फल।
मीन- पीले कपड़े, चने की दाल, घोड़ा, काष्ठ का सामान, घी, तिल, अनाज, दूध।

शुभ माना जाता है घर में हाथी के जोड़े की मूर्ति को रखना

आजकल घर की आन्तरिक सुन्दरता पर बहुत ज्यादा ध्यान दिया जाता है। घर के अन्दर पेंटिंग्स, फेनसुई की वस्तुएँ, छोटे-छोटे सुन्दर पौधों को लगाने का बहुत चलन है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में हाथी का जोड़ा रखना बहुत ही शुभ माना जाता है। हाथी के जोड़े के बारे में यह कहा जाता है कि इससे दांपत्य जीवन में खुशी और प्यार बढ़ता है। इससे आपसी रिश्ते और मजबूत होते हैं।

सुख समृद्धि का प्रतीक माना जाता है कई पूर्वी संस्कृतियों में तो हाथी को पूजा भी जाता है। इंद्र देव की सवारी हाथी है। देवी लक्ष्मी के वाहन में से एक सफेद हाथी भी है, यानी कि हाथी की मूर्ति को घर में रखना बहुत अच्छा होता है। यह सुख-समृद्धि का प्रतीक है। साथ ही शक्ति, बुद्धि और ज्ञान का भी प्रतीक है। वास्तु के मुताबिक, घर या ऑफिस के मुख्य द्वार पर सूंड ऊपर उठाए हुए हाथी के जोड़े की प्रतिमा लगानी चाहिए। इससे परिवार में सुख-सौभाग्य बना रहता है और रिश्तों में मजबूती आती है। परिवार के सब सदस्यों के बीच सामंजस्य की स्थिति बनी रहती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

चिलचिलाती गर्मी में रहता है यह मंदिर ठंडा

टिटलागढ़ ओडिशा का सबसे गर्म क्षेत्र है

टिटलागढ़, जिसे ओडिशा का सबसे गर्म क्षेत्र कहा जाता है, कुम्हड़ा पर्वत पर स्थित एक उल्लेखनीय शिव-पार्वती मंदिर का घर है। चट्टानी इलाके के कारण होने वाली भीषण गर्मी के बावजूद, मंदिर गर्मी के मौसम से अप्रभावित रहता है।

शिव मंदिर में एसी से भी ज्यादा ठंडक है

टिटलागढ़ के शिव-पार्वती मंदिर में इतनी ठंड है कि आश्चर्य होता है। भीषण गर्मी के कारण भक्तों के लिए मंदिर के बाहर 5 मिनट भी खड़ा रहना **चुनौतीपूर्ण है। हालांकि, मंदिर के अंदर -** प्रवेश करते ही पसीने से तरबतर व्यक्ति को ठंड लगने लगती है। अंदर की ठंडी हवाएं एयर कंडीशनिंग से

भी अधिक ध्यान देने योग्य हैं। दुर्भाग्य से, यह शांत वातावरण केवल मंदिर परिसर के भीतर ही रहता है। बाहर कदम रखते ही चिलचिलाती गर्मी परेशान करने लगती है।

यह रहस्य अज्ञात है

मंदिर के बाहर भयंकर गर्मी है और अंदर एसी से भी ज्यादा ठंड है। इस पहेली को सुलझाने की कई कोशिशें की गईं, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया। यह विषय आज तक रहस्य बना हुआ है। हालांकि, पुजारियों का मानना है कि मंदिर के भीतर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की मूर्तियों से ठंडी हवा निकलती है, जो पूरे मंदिर परिसर को ठंडा रखती है। पुजारियों का दावा है कि गर्मियों के दौरान मंदिर के अंदर का तापमान इतना गिर जाता है कि गर्म रहने के लिए कंबल की जरूरत पड़ती है।

बच्चों को रितेश जैसे बनाना चाहती हैं जेनेलिया

बोलीं - उन्होंने कमबैक के लिए मोटिवेट किया, वो महिला की तरक्की से परेशान नहीं होते

एक्टर रितेश देशमुख और जेनेलिया की शादी को 21 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस रहीं जेनेलिया ने शादी के बाद एक्टिंग छोड़ दी। हालांकि जब उनके बच्चे रियान और राहिल बड़े होने लगे, तो रितेश ने उन्हें फिल्मों में वापसी करने के लिए मोटिवेट किया। जिसके बाद एक्ट्रेस ने फिल्मों में वापसी की।

रितेश के कहने पर जेनेलिया ने की फिल्मों में वापसी

जूम एंटरटेनमेंट से हालिया बातचीत में, जेनेलिया ने कहा- मैं घर पर रहने और काम न करने के कारण अपने कंफर्ट जोन में आ गई थी। शुरुआत में मैंने बच्चों के लिए फिल्मों से ब्रेक ले रखा था। लेकिन बाद में उन्होंने आलस के कारण काम नहीं किया। मुझे धीरे-धीरे घर पर रहकर आराम मिलने लगा।

तब रितेश ने मुझसे कहा- 'तुम क्या कर रही हो?' उन्होंने मुझे याद दिलाया कि मुझे एक्टिंग करना पसंद है। मुझे ऐसा लगता है कि रितेश के बिना मैं बहुत सी चीजें नहीं कर पाती।'

जब मैं काम करती हूं, रितेश हाउस मैन बन जाते हैं- जेनेलिया

जेनेलिया ने अपन पति को बेहतरीन और सिक्योर इंसान बताया। उन्होंने कहा- 'एक पुरुष की वैल्यू तब देखी जाती है, जब वह बेहद सिक्योर होता है। जब एक महिला की सफलता उसे परेशान नहीं करती है। मैं वाकई रितेश को पाकर खुद को लकी मानती हूं। जेनेलिया ने बताया कि जब वह काम करती हैं, तब रितेश हाउस मैन बन जाते हैं और इसे लेकर उन्होंने कभी भी कोई हंगामा नहीं किया।

उनके लाइफ में साथ होने से बहुत बैलेंस रहता है- जेनेलिया

जेनेलिया ने कहा कि वो चाहती हैं कि उनके बच्चे बिल्कुल अपने पिता जैसे बनें। वो बहुत कॉन्फिडेंट हैं। वो बहुत सी चीजें करते हैं। वो सिर्फ एक अच्छे एक्टर ही नहीं, बल्कि अच्छे आर्किटेक्ट, अच्छे प्रोड्यूसर और एक अच्छे इंटरप्रेन्योर।'

उन्होंने कहा- 'उनके पास ढेरों जिम्मेदारियां हैं, इसके बावजूद वो एक बेहतरीन पिता हैं। वो बच्चों के साथ वक्त बिताते हैं। वो ऐसे पिता नहीं हैं, जो बच्चों के सोने के बाद घर आएं। जिंदगी में उनके जैसा इंसान होंने से लाइफ में बहुत बैलेंस रहता है।'

शादी से पहले 9 साल तक रिलेशनशिप में रहे थे रितेश-जेनेलिया

रितेश-जेनेलिया 3 फरवरी, 2012 को शादी के बंधन में बधें। इससे पहले दोनों ने 9 साल तक एक-दूसरे को डेट किया। मस्ती और तुझे मेरी कसम जैसी फिल्मों में साथ काम करने के बाद, उन्होंने हाल ही में रितेश के डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म में वेद में एक बार फिर साथ काम किया। इस फिल्म में दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को खूब पसंद किया गया। वहीं यह फिल्म ब्लॉकबस्टर भी रही।

मीना कुमारी के बेटे ने इंडस्ट्री वालों को कहा चोर

कृति सेनन और मनीष मल्होत्रा पर लीगल एक्शन लेंगे ताजदार अमरोही

इंडस्ट्री में चर्चा है कि कृति सेनन बॉलीवुड की आईकॉनिक एक्ट्रेस मीना कुमारी की बायोपिक करने जा रही हैं। इस फिल्म से फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू करेंगे। अब सुनने में आया है कि यह फिल्म कानूनी पचड़े में फंस सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कमाल अमरोही और मीना कुमारी के बेटे ताजदार अमरोही, कृति और मनीष पर लीगल एक्शन लेने की तैयारी कर रहे हैं।

उन्हें मेरे डोमेन में घुसने का अधिकार नहीं

मीडिया से बात करते हुए नाराज ताजदार ने कहा, 'कुछ इंडस्ट्री वाले बिल्कुल दिवालिया और चोर हैं। उन्हें मेरे डोमेन में घुसने का कोई अधिकार नहीं है। वे सिर्फ चोर ही नहीं बल्कि डाकू भी हैं।'

बिना मेरे कंसेंट के फिल्म अनाउंस कर दी

ताजदार ने आगे कहा, 'निर्माताओं ने मेरे कंसेंट के बिना फिल्म अनाउंस कर दी है। अब मैं इस प्रोजेक्ट को रोकने के लिए कोर्ट जाऊंगा। मैं वही मानूंगा जो मेरा वकील मुझे बताएगा। उन्होंने अभी हमें इंतजार करने को कहा है। मैं और मेरी बहन दोनों मुकदमा दायर करेंगे।' हालांकि, अब तक इस फिल्म को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। फिलहाल यह स्क्रिप्टिंग स्टेज में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे।

कौन थीं मीना कुमारी

ट्रेजेडी क्वीन के नाम से मशहूर मीना कुमारी को बॉलीवुड की टाइमलेस एक्ट्रेस माना जाता है। उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी। उनके जैसा स्टारडम किसी और एक्ट्रेस ने नहीं देखा।

33 साल के करियर में 90 फिल्में

33 साल के करियर में मीना ने 90 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था। जिसमें से साहेब बीवी और गुलाम, काजल, परिणीता और पाकीजा जैसी सुपरहिट रहीं। मात्र 38 साल की उम्र में अल्कोहल ओवरकंज्पशन से उनका निधन हो गया था।

प्रोड्यूसर बन गई हैं कृति

बात करें कृति की तो उनकी पिछली फिल्म 'आदिपुरुष' फ्लॉप रही। हाल ही में वो प्रोड्यूसर बनी हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने अपने बैनर ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की अनाउंसमेंट की है। उनके बैनर की पहली फिल्म दो पत्ती है, जिसमें काजोल लीड रोल प्ले करेंगी।

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में 6 साल बाद लौटेंगी दया बेन

लेटेस्ट एपिसोड में हुई अनाउंसमेंट के बाद फैंस हुए एक्साइटेड, बोले- 'दिशा को ही वापस लाना'

पॉपुलर टेलीविजन शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स ने लेटेस्ट एपिसोड में दयाबेन के लौटने की हिंट दी है। शो में दयाबेन के भाई सुंदर इन दिनों सबको यह खबर दे रहे हैं कि दयाबेन इस साल नवरात्रि और दिवाली पर वापस मुंबई लौट रही हैं। इस अनाउंसमेंट के बाद से ही फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि दयाबेन का रोल करने के लिए एक्ट्रेस दिशा वकानी ही शो में वापस आती हैं? या फिर मेकर्स इस रोल में किसी नई एक्ट्रेस को इंट्रोड्यूस करेंगे।

शो के लेटेस्ट एपिसोड में जेठालाल ने दया के छोटे भाई सुंदर से पूछा कि वो अहमदाबाद से घर (गोकुलधाम सोसायटी) कब लौट रही हैं। इस पर सुंदर ने सबको बताया कि दयाबेन इस साल नवरात्रि या दिवाली पर लौटेंगी।

इस अनाउंसमेंट के बाद शो के फैंस सोशल मीडिया पर काफी एक्साइटेड नजर आए। फैंस की मांग है कि मेकर्स शो में दयाबेन के रोल में एक्ट्रेस दिशा वकानी को ही लेकर आएं। वहीं कुछ फैंस का कहना है कि अगर दयाबेन के किरदार में किसी नई एक्ट्रेस को इंट्रोड्यूस किया जाएगा तो वो यह शो देखना छोड़ देंगे। दिशा वकानी इस शो में शुरुआत से ही दयाबेन का किरदार निभा रही थीं। 2017 में वो मैटरनिटी ब्रेक पर गई और फिर कभी वापस नहीं आईं। फैंस और शो के मेकर्स पिछले 6 साल से उनके कमबैक के इंतजार में हैं।

मेकर्स कर रहे नई एक्ट्रेस की तलाश

इससे पहले एक इंटरव्यू में शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने कहा था कि वो दिशा के शो पर लौटने का का कई साल से इंतजार कर रहे हैं। अब उन्होंने दयाबेन के किरदार के लिए नई एक्ट्रेस को खोजना शुरू कर दिया है। उनकी जगह किसी नई एक्ट्रेस को कास्ट करना आसान नहीं होगा पर मैं कोशिश कर रहा हूं।' टीवी के सबसे पसंदीदा और लंबे चलने वाले शोज में से एक यह शो इन दिनों गलत कारणों से सुर्खियों में है। कई पुराने कलाकारों के शो छोड़ने के बाद से दर्शकों का इसमें इंट्रेस्ट कम हो गया है। शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी पर कई एक्टर्स ने सेक्सुअल और मेंटल हैरेसमेंट के आरोप भी लगाए हैं।

जमानत को चुनौती न देने के एनसीबी के फैसले पर रिया ने दी प्रतिक्रिया, सोशल मीडिया पर लिखी यह बात

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह रिया चक्रवर्ती को उसके खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में दी गई जमानत को चुनौती नहीं देगी। एनसीबी के इस फैसले के बाद अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने एक फोटो साझा किया है, जिसे एनसीबी के फैसले से जोड़कर देखा जा रहा है।

उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर साझा किया जिसमें फोटो में उन्होंने हाथ जोड़ने वाले इमोजी और कैप्शन में आभार लिखा है। जैसे ही अभिनेत्री ने फोटो शेयर की यह इंटरनेट पर वायरल हो गई। इसे देखकर नेटिजन्स कयास लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस ने एनसीबी के फैसले पर आभार जताया है।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह दिवंगत अभिनेता की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में रिया चक्रवर्ती को दी गई जमानत को चुनौती नहीं दे रहा है। बता दें कि एनसीबी ने रिया पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 27-ए के तहत आरोप लगाया था जो ₹अवैध नशीली दवाओं की तस्करी के वित्तपोषण और उसे शरण देने₹ से संबंधित है। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

अपने आदेश में बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा था कि ड्रग्स खरीदने के लिए पैसे मुहैया कराने का मतलब यह नहीं है कि रिया चक्रवर्ती किसी अवैध तस्करी में शामिल थीं। अदालत ने यह भी कहा कि किसी को नशीली दवाओं के सेवन के लिए पैसे देने का मतलब यह नहीं है कि उन्होंने उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो रिया ने टेलीविजन पर वापसी कर ली है। वह फिलहाल सोनू सूद, गौतम गुलाटी और प्रिंस नरूला के साथ 'रोडीजः कर्म या कांड' में नजर आ रही हैं।

विजय देवरकोंडा को देख स्टेज पर दौड़ पड़ा क्रेजी फैन, डर कर भागे अभिनेता

साउथ और बॉलीवुड एक्टर विजय देवरकोंडा ने हाल ही में एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर संग अपनी नई साउथ फिल्म 'हे नना' की घोषणा की थी। पहली बार पर्दे पर दोनों की जोड़ी दर्शकों को देखने को मिलेगी। इसी बीच अब विजय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो काफी हैरान करने वाला है। जिसमें वो डर के मारे स्टेज से ही भागते नजर आ रहे हैं। ये माजरा है क्या चलिए बताते हैं विस्तार से।

विजय देवराकोंडा हाल ही में फिल्म बेबी की सक्सेस के एक इवेंट में पहुंचे थे। इस फिल्म में एक्टर के भाई आनंद देवरकोंडा लीड रोल में थे। फिल्म के बारे में बात करते समय विजय का एक क्रेजी फैन स्टेज पर उनकी तरफ तेजी से दौड़ पड़ा. उसे अपनी तरफ आता देख एक्टर भी घबरा गए और पीछे की तरफ हो गए। उस शख्स की इस हरकत से वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड भी उसके पीछे दौड़कर उसे पकड़ लेते हैं और यह सारा मंजर कैमरे में कैद हो गया।

ये वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। हालांकि वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर का फैन सिर्फ उनके पैर छूने के लिए आगे बढ़ा था। उसका मकसद एक्टर को नुकसान पहुंचाना नहीं था पर एक्टर का हैरान होना भी लाजमी था। साफ देखा गया कि एक्टर इस हरकत के लिए तैयार नहीं थे और वो इससे घबरा गए हैं।

फिल्म की बात करें तो विजय देवरकोंडा फिल्म कुशी में नजर आने वाले हैं। ये फिल्म 1 सितंबर को रिलीज होने वाली है। एक्टर ने फिल्म से जुड़ी कुछ झलक अपने सोशल मीडिया पर शेयर की थी। फैंस को उनकी और सामंथा की जोड़ी काफी पसंद आ रही है।

जीनत अमान ने रेखा के साथ साझा की 'राम बलराम' के सेट की अनदेखी तस्वीर, अभिनेत्री के लिए लिखा प्यारा नोट

जीनत अमान अपने जमाने की दिग्गज अदाकाराओं में शुमार रही हैं। अपने अभिनय और बोल्डनेस से उन्होंने दर्शकों का खूब दिल जीता। यादों की बारात, रोटी कपड़ा और मकान, सत्यम शिवम सुंदरम, डॉन और दोस्ताना जैसी कई शानदार फिल्मों में नजर आईं जीनत अमान ने हाल ही में, रेखा के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा की हैं और अभिनेत्री के लिए एक प्यारा नोट भी लिखा है।

जीनत अमान ने शेयर की रेखा के साथ तस्वीर

हाल ही में, जीनत अमान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी और रेखा की एक बेहद प्यारी सी ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों अभिनेत्रियां को एक-दूसरे से बाहें मिलाते हुए देखा जा सकता है। तस्वीर में रेखा अपनी सिग्नेचर साड़ी और सिल्क बन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वहीं, जीनत अमान ने ब्लैक बेल्ट के साथ एक खूबसूरत ड्रेस पहनी थी। तस्वीर में दोनों दिग्गज सितारों ने बेहद खास पल शेयर किया है।

रेखा के लिए लिखा यह प्यारा नोट

जीनत अमान ने तस्वीर शेयर करते हुए रेखा के लिए लिखा,'हमारे बीच एक भी शब्द कहे बिना कई साल बीत जाएंगे, फिर हम फ्लाइट में या नर्सरी में एक-दूसरे से टकराएंगे और कुछ घंटे बिना किसी हिचकिचाहट के जीवन के अपडेट साझा करने में बिताएंगे। क्या किसी और के पास ऐसा कोई दोस्त है?' जीनत का रेखा के लिए यह प्यार देखकर फैंस भी कमेंट सेक्शन में बेहद प्यारे कमेंट्स कर रहे हैं।

फैंस लुटा रहे हैं प्यार

जीनत की इस पोस्ट पर फैंस भी अपना प्यार बरसा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह तस्वीर स्पष्ट रूप से उनकी 1980 की फिल्म ₹राम बलराम₹ के मुहूर्त पर ली गई थी।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'दोनों अभिनेत्री एक साथ बेहद खूबसूरत लग रहे हैं।' एक और यूजर ने लिखा, 'दोनों की मित्रता साफ झलक रही है।

भगवान ऐसी दोस्ती सभी को दे।' वर्क फ्रंट की बात करें जीनत अमान को आखिरी बार 2019 में आशुतोष गोवारिकर की फिल्म पानीपत में देखा गया था। अब वह वेब सीरीज शोस्टॉपर में अपने ओटीटी डेब्यू के लिए तैयारी कर रही हैं।

अब एक्टर बनने जा रहे हैं राज कुंद्रा, पोर्नोग्राफी केस पर बन रही फिल्म में निभाएंगे मुख्य किरदार

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा न केवल अपनी पत्नी की वजह से चर्चा में रहते हैं, बल्कि वह उनके ऊपर लगे आरोपों के कारण भी सुर्खियां बटोरते हैं। राज कुंद्रा का नाम पोर्नोग्राफी केस में फंस चुका है, जिसके तहत उन पर बहुत सी अभिनेत्रियों ने तरह-तरह के आरोप लगाए थे। इस केस में उन्हें दो महीने तक जेल में रहना पड़ा था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। राज कुंद्रा से जुड़े इस हाई प्रोफाइल मामले ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं, जिसकी वजह से उनकी काफी बदनामी भी हुई थी। लेकिन अब खबर आ रही है कि यह पूरा मामला सिनेमा के रंगीन पर्दे पर दिखाया जाएगा, जिसमें मुख्य भूमिका खुद राज कुंद्रा निभाएंगे।

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा ने पोर्नोग्राफी केस में सजा के तौर काटी 63 दिनों की जेल 2021 में खूब लाइमलाइट में रही थी। जेल से बाहर आने के बाद भी राज कुंद्रा लोगों के सामने आने से परहेज करते थे, लेकिन अब कुछ ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं जिनमें दावा किया जा रहा है कि साल 2021 में हुए इस पूरे प्रकरण पर फिल्म बनाने की तैयारी की जा रही है। जी हां, रिपोर्ट्स की मानें तो राज कुंद्रा की इस जेल यात्रा पर जल्द ही एक फिल्म बनेगी। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माता राज के जीवन के आसपास की घटनाओं के साथ-साथ विवादों को सामने रखने के लिए एक फिल्म बनाने की तैयारी की जा रही है।

एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि आगामी फिल्म आर्थर रोड जेल में राज कुंद्रा द्वारा काटी गई सजा के दौरान उनके अनुभव को दर्शकों के सामने पेश करेगी। दरअसल, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज खुद फिल्म में अभिनय करेंगे और प्रोडक्शन से लेकर स्क्रिप्टिंग तक में अपना योगदान देंगे। जहां इस खबर में बिजनेसमैन के अभिनेता बनने की बात की जा रही है, वहीं अभी फिल्म के निर्देशन की कमान किसके हाथ में दी जाएगी इसका खुलासा नहीं किया गया है। कथित तौर पर, फिल्म पर फिलहाल पोस्ट प्रोडक्शन में है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू की जाएगी।

बता दें, राज कुंद्रा को जुलाई 2021 में कथित तौर पर अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और सितंबर में जमानत दे दी गई थी। उन पर भारतीय दंड संहिता, महिलाओं का अश्लील प्रतिनिधित्व (रोकथाम) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इतना ही नहीं शर्लिन चोपड़ा से लेकर फ्लोरा सैनी जैसी कई अभिनेत्रियों ने राज कुंद्रा पर आरोप भी लगाए थे। जुलाई 2021 में गिरफ्तार होने के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर दिए थे। बाद में उन्हें जमानत दे दी गई थी।

अपनी गिरफ्तारी के बाद से जब भी राज सार्वजनिक रूप से बाहर निकलते हैं तो उन्हें अक्सर फेस मास्क और हुडी से अपना चेहरा ढंकते हुए देखा जाता है। शिल्पा ने भी इस मामले पर कमेंट करने से परहेज किया है। दोनों ही पैपराजी के सामने इस मामले पर चुप्पी साधे रहते हैं। शिल्पा कभी-कभी अपने इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती हैं।

'प्रोजेक्ट के' इवेंट में अमेरिका नहीं पहुंचेगी दीपिका

इंडियन सुपरस्टार प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'प्रोजेक्ट के' का ग्रैंड लॉन्च इवेंट अमेरिका में होने वाला है। जहां 20-21 जुलाई के दिन अमेरिका के कॉमिक.कॉन में प्रभास की फिल्म प्रोजेक्ट के मूवी के ट्रेलर लॉन्च और टाइटल का खुलासा होने वाला है। इस फिल्म के इस ग्रैंड इवेंट के लिए सुपरस्टार प्रभास और राणा दग्गुबाती जैसे सितारे वहां पहुंच चुके हैं। हालांकि अभी खबर ये है कि इस ग्रैंड इवेंट में अदाकारा दीपिका पादुकोण संभवत हिस्सा नहीं लेने वाली हैं। खबर के मुताबिक अदाकार इस दौरान अपनी फिल्म के इवेंट से दूर ही रहेंगी।

आखिर 'प्रोजेक्ट के' के इवेंट में क्यों हिस्सा नहीं लेंगी दीपिका पादुकोण?

दरअसल, प्रोजेक्ट के का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट और टाइटल एनाउंसमेंट इवेंट अमेरिका में होने वाला है। मगर इस वक्त अमेरिका में इधर, खबर है कि अदाकारा दीपिका पादुकोण सैग-एफ्ट्रा यानी स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड-अमेरिकन फेडरेशन ऑफ टेलीविजन एंड रेडियो आर्टिस्ट ने राइटर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका के प्रदर्शन को ज्वाइन कर लिया है। अमेरिका की राइटर्स गिल्ड लेबर लॉ का विरोध कर रही हैं। दीपिका पादुकोण भी इस सैग एफ्ट्रा का हिस्सा हैं। ऐसे में वो अमेरिका में होने वाले अपनी मूवी 'प्रोजेक्ट के' के लिए आयोजित हो रहे ग्रैंड इवेंट का हिस्सा नहीं बनेंगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सैग एफ्ट्रा के सभी सदस्य और अभिनेता जो इस समिति का हिस्सा हैं, वो अपनी फिल्मों या किसी भी पब्लिसिटी का सपोर्ट करने के लिए बाध्य हैं। ऐसे में दीपिका पादुकोण भी अपनी फिल्म का प्रमोशन नहीं कर सकेंगी।

विपक्ष की बैठक के तुरंत बाद दिल्ली में एनडीए की बैठक हुई। इसमें इंडिया से ज्यादा 38 पार्टियां शामिल हुईं। बीजेपी के अलावा एनडीए में शामिल पार्टियों की संसद में मौजूदगी बहुत कम है। इसकी 37 पार्टियों के पास सिर्फ 31 सांसद हैं। विपक्ष को लगता है कि उसने नया अलायंस बनाकर बीजेपी को डिफेंसिव कर दिया है। इसी के हिसाब से आगे की तैयारी की जा रही है। अलायंस की अगली बैठक महाराष्ट्र में होगी। वहां हाल में बीजेपी ने एनसीपी को तोड़ा है। इसलिए वहां विपक्ष की एकता दिखाने के लिए मीटिंग की जाएगी। सूत्र के मुताबिक, दूसरी मीटिंग चेन्नई में होगी। तमिलनाडु दक्षिण का बड़ा राज्य है। सीएम स्टालिन यहां मजबूती से जमे हैं। चर्चा है कि नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु की किसी सीट से खड़े हो सकते हैं। इसलिए बीजेपी को मैसेज देने के लिए इस राज्य को चुना गया है। तीसरी बैठक पश्चिम बंगाल में होगी। ममता बनर्जी ने जिस तरह से बीजेपी को पहले विधानसभा चुनाव और अब पंचायत चुनाव में शिकस्त दी, विपक्ष इसे एक मॉडल की तरह देख रहा है।

किर्गिस्तान की युवती ने रायपुर में किया सुसाइड

बॉयफ्रेंड से झगड़े के बाद लगाई फांसी, भारत आई थी टैटू आर्टिस्ट बनने

रायपुर, 20 जुलाई (एजेंसियां)। रायपुर में एक विदेशी लड़की ने खुदकुशी कर ली। इस युवती ने अपने फ्लैट में फांसी लगाकर जान दी है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। जिस लड़की ने मौत को ग ले लगाया वो किर्गिस्तान की रहने वाली है। ये विदेशी युवती रायपुर में किराए के मकान में रह रही थी। युवती का नाम नीना बिदेंको है। ये किर्गिस्तान की रहने वाली थी।

पूरा मामला पंडरी थाना इलाके की है। विदेशी लड़की अशोक रतन सोसायटी के फ्लैट में पिछले कुछ महीनों से रह रही थी। वो हाल ही में भारत आई थी। युवती टैटू आर्टिस्ट का काम कर रही थी। अपने प्रोफेशन को आगे बढ़ाने के मकसद से रायपुर में रहकर टैटू बनाने काम कर रही थी। युवती के स्थानीय परिचितों

को बुलाकर पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना सुबह साढ़े 4 बजे के आस-पास की बताई जा रही है। घर की बालकनी में कपड़े सुखाने के तार से फांसी लगाकर युवती ने जान दी। पड़ोसियों ने पुलिस को खबर दी। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। युवती रायपुर में कुछ लोगों के साथ काम कर रही थी, उनसे पुलिस ने जानकारी ली है, अब युवती के बॉयफ्रेंड का पता लगाया जा रहा है, पता चला है कि विदेशी लड़की का प्रेमी के साथ विवाद हुआ था।

प्यार के चक्कर में खत्म जिंदगी

पुलिस अधिकारी लखन पटले ने बताया युवती का मोबाइल फोन जांचने पर अहम जानकारी मिली है। 25 साल की नीना बिदेंको ने का पिछले कुछ दिनों से अपने प्रेमी के साथ विवाद चल रहा था। उसने प्रेमी को एक वॉट्सअप मैसेज भेजा है। इसमें विदेशी लड़की ने लिखा है- मैं हर बात के लिए माफी मांगती हूं, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है, दिल तोड़ा है। माय लव मुझे माफ कर दो और तुम आगे बढ़ो, मेरे घर वालों को मेरी मौत की जानकारी दे देना। इसके बाद युवती ने अपना वीडियो बनाने का प्रयास किया मगर 3 सेकेंड के वीडियो में बालकनी का एक हिस्सा दिख रहा है। रायपुर की पुलिस ने विदेशी युवती का पासपोर्ट वीजा अपनी कस्टडी में रखा है। दूतावास के जरिए अब किर्गिस्तान संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

चूहों का आतंक पुलिस की हुई मशक्कत

देर रात बजने लगा बैंक का सायरन, दौड़े आए अधिकारी घंटों चली छानबीन

जगदलपुर, 20 जुलाई (एजेंसियां)। बुधवार की देर रात को धरमपुरा स्थित एक बैंक में अचानक से तेज सायरन बजने लगा। जिसकी जानकारी आसपास के लोगों ने बोधघाट पुलिस के साथ ही कोतवाली पुलिस मौके पर आ पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि चूहों की करामात ने पुलिस के साथ ही बैंक के अधिकारी कर्मचारियों को छकाया। मामले के बाद पुलिस से लेकर अधिकारियों ने राहत की सास ली।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी अमित शुक्ला ने बताया कि धरमपुरा मार्ग पर अनुपमा चौक के नजदीक इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में अचानक रात 11:30 बजे सायरन बजने लगा। सायरन की आवाज इतनी तेज थी कि पूरे मोहल्ले के लोग जाग गए।

विधानसभा में आई लव यू की गूंज

अजय चंद्राकर ने लखमा के लिए कहे शब्द तो लगे ठहाके, धान घोटाले पर विपक्ष का वॉकआउट

रायपुर, 20 जुलाई (एजेंसियां)। विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान खाद्यान्न योजना में गड़बड़ी के आरोप में सदन में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। सत्ता पक्ष के जवाब से असंतुष्ट सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।विपक्ष के आरोपों के बाद खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने जवाब में कहा 2022-23 में स्टॉक के सत्यापन के बाद अनियमितता पाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था।

भगत के मुताबिक हाईकोर्ट में 34 याचिकाएं दायर हुईं। हाईकोर्ट के निर्णय के बाद ही स्टॉक वितरण में अनियमितता की सही मात्रा और दोषी व्यक्तियों की अंतिम संख्या का निर्धारण होगा। मंत्री बोले- डॉक्टर रमन सिंह ने केंद्र को दो चिट्ठी लिखी थी। केंद्र की टीम आई थी। केंद्र की टीम ने कही कोई गड़बड़ी नहीं पाई।

रोमांटिक मूड में दिखे अजय चंद्राकर

सदन की कार्यवाही की शुरुआत में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आई लव यू कहा तो सदन में जमकर ठहाके

लगे। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा कि चंद्राकर ने लखमा को आई लव यू कहा या उनके विभाग को। सीएम भूपेश पहुंचे तो अध्यक्ष ने इसका जिक्र किया। इस पर चंद्राकर ने मुख्यमंत्री को भी आई लव यू कहा, बीच में भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अध्यक्ष से पूछा मैं यह जानना चाहता हूं आई लव यू किसे कहा जाता है।

मुख्यमंत्री ने खड़े होकर कहा- अजय जी कल मेरे चेहरे की तारीफ कर रहे थे। आज लखमा को आई लव यू बोल रहे हैं। अजय जी क्या बदल गए हैं। इस पर कांग्रेस के विधायक अरुण वोरा ने कहा कि अजय चंद्राकर की आई लव यू बोलने की उम्र नहीं है। अगर वे इस उम्र में आई लव यू बोलेंगे तो हम क्या करेंगे। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि आपके दिमाग में अश्लीलता भरी है। इस पर अरुण वोरा ने आपत्ति जताई।

इस चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अजय चंद्राकर से कहा कि आज आप संतुष्ट नजर आ रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के आने पर उत्तेजित हो गए। इस पर चंद्राकर ने कहा आई लव यू हम किसी को भी बोल सकते हैं। इस पर सदन में ठहाके लगे।

राजधानी की स्थिति बेहद ख़राब है। रायपुर गड्ढों का शहर हो गया है। सड़कों की स्थिति जर्जर हो गई है। गड्ढों में लोग बेशरम के पेड़ लगा रहे हैं। रायपुर नगर निगम में मुग़लिया शासन चल रहा है। भ्रष्टाचार हो रहा है। तेलीबांधा से वीआईपी रोड तक सौदर्यीकरण का काम बग़ैर टेंडर करा दिया गया।

जेसीसीजे विधायक रेणु जोगी राज्य में संचालित निजी विश्वविद्यालयों द्वारा चिकित्सा शिक्षा और आयुष विश्वविद्यालय के मापदण्डों का पालन नहीं किये जाने की ओर चिकित्सा शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी। वहीं बसपा विधायक इंदू बंजारे, सदस्य, जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत तहसील नवागढ़ के ग्राम बरगांव में भू-माफियाओं द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर बिक्री किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी।

माओवादियों ने वनकर्मी को पीट-पीटकर मार डाला

घर की दीवार पर लिखी चेतावनी

रांची, 20 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड के लातेहर जिले में माओवादियों द्वारा एक वनकर्मी की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। माओवादियों को शक था कि वनकर्मी पुलिस का मुखबिर है और इसी शक में उसकी हत्या कर दी गई। माओवादियों ने चार अन्य लोगों पर भी हमला किया, जिससे चारों लोग घायल हो गए हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटना नेतरहाट पुलिस थाना क्षेत्र की दुरुप पंचायत का है। यह जगह झारखंड की राजधानी रांची से करीब 150 किलोमीटर दूर है। खबर के अनुसार, बुधवार रात करीब 15 माओवादियों के एक समूह ने वनकर्मी के घर पर धावा बोल दिया। माओवादियों ने वनकर्मी को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान देव कुमार प्रजापति के रूप में हुई है और वह पलामू टाइगर रिजर्व में दैनिक मजदूरी के आधार पर वन ट्रैकर का काम करता था।

माओवादियों ने लोगों को दी चेतावनी

माओवादियों ने वनकर्मी की

हत्या के बाद उसके घर की दीवार पर लाल स्याही से एक संदेश भी लिखा, जिसमें लोगों को पुलिस के मुखबिर के तौर पर काम ना करने की चेतावनी दी गई है। लातेहर के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। फिलहाल घटना की जांच चल रही है। पुलिस को आशंका है कि वनकर्मी की हत्या करने वाला दल माओवादी नेता छोटू खरवार का है। बता दें कि माओवादियों के इस दल ने बुधवार रात को दो गांवों में धावा बोला। पहले वह पुरनदीह गांव गए और वहां चार गांव वालों को बुरी तरह पीटा। इसके बाद वह दुरुप गांव पहुंचे और वहां रहने वाले देव कुमार प्रजापति को पीट-पीटकर मार डाला। माओवादियों के हमले में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संगठित अपराधों के खिलाफ डीजीपी सख्त

कहा- गिरोहों के खिलाफ करें कार्रवाई

रांची, 20 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड डीजीपी ने अपराध में शामिल गिरोहों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए कार्रवाई करने का निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी ने आसामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए कहा है। झारखंड पुलिस के मुखिया डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि संगठित अपराध में शामिल गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। संगठित अपराधों के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षाएं की जानी चाहिए। डीजीपी ने निर्देश दिए कि संगठित अपराध में शामिल गिरोहों पर शिंकजा कसने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जेल में बंद अपराधियों के खिलाफ नजर रखी जाए, जिससे वे लोग मोबाइल का इस्तेमाल न कर सकें। जेल में जैमर को मजबूत किए जाएं।

पुलिस मुखिया ने कहा कि आपराधिक गिरोह बेरोजगार युवकों पर काम पर रख रहा है। रंगदारी के लिए धमकी भरे कॉल करा रहे हैं। इस दौरान गृहसचिव अविनाश कुमार ने अधिकारियों से ड्रग तस्करों के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा।

लोहरदगा से आईएसआईएस का बड़ा आतंकी गिरफ्तार

लोहरदगा, 20 जुलाई (एजेंसियां)। आईएसआईएस के कई आतंकी अब भी एक्टिव हैं और चुपचाप काम कर रहे हैं। लोहरदगा से खुफिया एजेंसी ने ऐसी ही किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी की है। सूत्रों की माने तो गिरफ्तार किए गए आतंकी का नाम शाहबाज है। वह बिहार का मूल रूप से रहने वाला है।

बीते 20 वर्षों से वह परिवार के साथ लोहरदगा के न्यू रोड में घर बनाकर रह रहा था। लोहरदगा में रहकर ही वह अपनी गतिविधि चला रहा था। इसी बीच खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली की लोहरदगा में आईएसआईएस का आतंकी छिपा हुआ है। इस व्यक्ति के पास से कई आपत्तिजनक वीडियो सहित देश में युवाओं को भड़काने वाली कई सामग्री मिली है, साथ ही कई अन्य सामान भी बरामद किए गये हैं।

स्थानीय पुलिस खामोश अब तक नहीं की गिरफ्तारी की पुष्टि

आईएसआईएस के इस आतंकी की गिरफ्तारी को लेकर अब तक पुलिस विभाग या खुफिया एजेंसी की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी इस संबंध में कई गिरफ्तारी होनी बाकी है और खुफिया टीम लोहरदगा में रहकर ही इसकी जांच कर रही है। गिरफ्तार किए गये आतंकी से पूछताछ की जा रही है ताकि इससे जुड़े दूसरे लोगों की भी तलाश की जा सके।

कई टीम ने एक साथ मिलकर की छापेमारी

इंटेलिजेंस ब्यूरो, नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी और दिल्ली पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गये आतंकी के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से भी संपर्क था। आतंकी यहां अपनी एक मजबूत टीम खड़ी करने के फिराक में थे। उसने लोहरदगा के कई युवाओं से संपर्क किया और उन्हें भड़काने का भी प्रयास किया।

बिहार का रहने वाला है आतंकी लोहरदगा में रहकर बना रहा था आतंक की टीम

जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया वह मूल रूप से लोहरदगा का नहीं बल्कि बिहार का रहने वाला था। लोहरदगा में रहकर वह युवाओं को भड़काने में लगा था। खुफिया एजेंसी लंबे समय से इस युवक पर नजर रख रही थी। इस आतंकी क पास से कई भड़काऊ वीडियो, पेन ड्राइव सहित कई आपत्तिजनक सामान मिले हैं। एनआईए, इंटेलिजेंस ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की टीम आतंकी को गिरफ्तार कर अपने साथ दिल्ली ले गयी है। खुफिया एजेंसी की एक टीम लोहरदगा में ही इसके दूसरे साथियों की तलाश कर रही है। लोहरदगा में कई युवाओं को भड़का कर आईएसआईएस के साथ काम करने के लिए इसने कई युवाओं को राजी भी कर लिया था।

हैदराबाद में कर रहा था इंजीनियरिंग

गिरफ्तार किए गए आतंकी एजेंट 20 वर्षीय शाहबाज हैदराबाद से इंजीनियरिंग कर रहा था। इसी बीच गेमिंग एप के माध्यम से वाह आईएसआईएस के संपर्क में आया। यह भी चर्चा रहेगी लगातार उसे हो रहे ट्रांजैक्शन के बाद एजेंसी को इसकी भनक लगी।

मौत होने तक पत्नी को कमरे में रखा बंद

फिर पुलिस को करता रहा गुमराह, ऐसे हुआ खुलासा

कोरबा, 20 जुलाई (एजेंसियां)। लेमरू थाना क्षेत्र के गढ़ उपरोड़ा गांव में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक पति ने पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और उसे एक सप्ताह तक कमरे में बंद करके रखा। एक सप्ताह बाद पत्नी की मौत हो गई। पत्नी की मौत होने के बाद पति खुद ही थाने पहुंचकर सूचना दी कि उसकी पत्नी पेड़ से गिरकर घायल हो गई थी, जिसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पर लेमरू थाना प्रभारी कृष्णा साहू मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। संदेह होने पर पुलिस ने मृतका के पति से पूछताछ की गई तो पहले वह गोलमोल जवाब देने लगा, उसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल किया।

पूछताछ में आरोपी पूरन सिंह (45) ने बताया कि वह पत्नी विष्णु देवी(35) के चरित्र पर शंका करता था। उसकी पत्नी जब भी जंगल लकड़ी लेने या किसी काम से जाती तो लेट में आने पर उसके पर शंका कर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज किया करता था। 1 सप्ताह पहले बुधवार को जंगल गई हुई थी, जहां लेट से घर आने पर उसने डंडे से कमरे के अंदर बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में उसे गंभीर चोटें आईं और उसका इलाज नहीं कराया। कमरे के अंदर ही उसे बंद करके रखा। एक सप्ताह बाद यानी बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसने लेमरू थाना पहुंचकर खुद पुलिस को जानकारी दी कि उसकी पत्नी पेड़ से गिरकर घायल हो गई थी, जिसकी मौत हो गई है।

वहीं, इस मामले में लेमरू थाना प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। उसके पति पर संदेह होने पर पूछताछ की गई तो पता चला कि कुछ दिनों पहले उसकी पिटाई की गई थी, जिसके चलते उसकी मौत हुई। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मृतका के 4 बच्चे हैं, जो घटना के दौरान घर पर मौजूद थे। लेकिन इतने डरे सहमे थे कि वह किसी को कुछ भी नहीं बता पा रहे थे। बच्चों ने बताया कि उसके पिता अक्सर उसकी मां के साथ मारपीट किया करते थे।

स्वीडन के दूतावास पर हमला

उपद्रवियों ने लगाई आग, कुरान जलाए जाने की घटना से थे नाराज

स्टॉकहोम, 20 जुलाई (एजेंसियां)। इराक के बगदाद में गुरुवार सुबह सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा हुए उपद्रवियों ने स्वीडन के दूतावास पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं भीड़ ने दूतावास में आग भी लगा दी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से इस घटना की जानकारी दी। बताया गया है कि हमले में दूतावास के स्टाफ को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, हालांकि इससे आगे की जानकारी नहीं दी गई है।

बताया गया है कि दूतावास पर यह हमला शिया धर्मगुरु मुकतदा सद्र के समर्थकों की ओर से प्रदर्शनों के बाद हुआ। सद्र के समर्थक स्वीडन में मुस्लिमों के पवित्र धर्मग्रंथ कुरान को जलाए जाने का विरोध कर रहे थे। गौरतलब है कि स्वीडन में कुरान जलाए जाने की घटना की पहले ही कई इस्लामिक देश आलोचना कर चुके हैं।

इराक के एक लोकप्रिय टेलीग्राम चैनल 'वन बगदाद' जो कि मुकतदा सद्र का समर्थक माना जाता है, में बुधवार देर रात (करीब 1 बजे) स्वीडन के दूतावास के बाहर जुटी भीड़ के कई वीडियो पोस्ट किए गए। इसमें कुछ उपद्रवियों को दूतावास में घुसते भी देखा गया। वीडियो में कुछ देर बाद दूतावास के परिसर से धुएं का गुबार उठते देखा जा सकता है। हालांकि, इन वीडियो की पुष्टि नहीं की जा सकी है। अभी यह भी साफ नहीं है कि हमले के वक्त दूतावास में कितने लोग मौजूद थे।

दुनिया का सबसे बड़ा ऑफिस बनता देख झुंझलाए पाकिस्तानी

बोले- इंडिया हमसे 30-40 साल आगे निकला

इस्लामाबाद, 20 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन को पीछे छोड़ते हुए भारत के गुजरात के सूरत में दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग बनने जा रही है। सूरत डायमंड बूर्स की यह इमारत 67,28,604 वर्ग फीट में फैली होगी। पहले चंद्रयान-3 और अब दुनिया की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग, भारत की इस तरक्की से पाकिस्तान चकाचौंध है। पाकिस्तानी यूट्यूबर सोहेब चौधरी ने कराची में लोगों से भारत की तरक्की और पाकिस्तान की वर्तमान हालत पर जब सवाल पूछे तो लोगों ने कहा कि भारत पाकिस्तान से 30-40 साल आगे जा चुका है। इतना ही नहीं लोगों ने कई मामलों पर अपने मुल्क को जीरो नंबर दिए। पाकिस्तानी यूट्यूबर ने पूछा कि क्या कराची की तुलना भारत के किसी शहर से हो सकती है? जवाब में एक पाकिस्तानी छात्र ने कहा, 'भारत के किसी भी शहर से कराची की तुलना नहीं कर सकते। वे इकोनॉमी, इलेक्ट्रॉनिक्स, व्हीकल कंपनियों, आईटी, बहुत सारी चीजों में हमसे बहुत आगे जा चुके हैं। वहां तक पहुंचने में हमें 10-20

नहीं बल्कि 30-40 साल लग जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान में ऑल्टो गाड़ी भारत से एक जेनेरेशन पीछे है। भारत में एक जेनेरेशन आगे गाड़ी की कीमत साढ़े चार लाख रुपए है और हमारे यहां यह करीब 32 लाख रुपए की है। इसका मतलब है कि नई जेनेरेशन वाली गाड़ी पाकिस्तान में 40-45 लाख की होगी।' सुरक्षा के सवाल पर पाकिस्तानी छात्र ने कहा कि सुरक्षित माहौल न होने के चलते विदेशी कंपनियां यहां आकर काम नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा, 'सुरक्षा के लिहाज से कराची की स्थिति बेहद खराब है। हम जब सड़कों पर निकलते हैं तो हमें पता नहीं होता हमारे हाथ में जो मोबाइल है वह वापसी तक रहेगा या नहीं।' यूट्यूबर से बात करते हुए एक दूसरा छात्र कहता है, 'मैंने यूके के लिए अप्लाई किया है और 25 को मेरा अपॉइंटमेंट है। हम जा रहे हैं क्योंकि यहां हम तंग आ चुके हैं।' एक दूसरे पाकिस्तानी ने कहा, 'भारत हमसे 35 से 40 साल आगे जा चुका है, भारत नहीं हम बांग्लादेश को ही देख लें। बिल्कुल छोटा सा देश है, पाकिस्तान से ही टूटकर अलग हुआ है लेकिन आज वह हमसे कितना आगे जा चुका है।' इससे पहले पाकिस्तान के विशेषज्ञ साजिद तरार ने अपने मुल्क को नसीहत देते हुए कहा था, 'हमें भारत की तरक्की से सीख लेनी चाहिए। अगर भारत या मोदी के नाम से शर्म आती है तो बांग्लादेश की ही नकल कर लें।'

चांद पर इंसान के कदम रखने के 54 साल

नासा ने खर्च किए 2 लाख करोड़, अमेरिकी नेवी अफसर ने ही मिशन पर सवाल उठाए

वाशिंगटन, 20 जुलाई (एजेंसियां)। 20 जुलाई 1969, ये वो तारीख है जब अमेरिक की स्पेस एजेंसी नासा ने इतिहास रचा था। अपोलो मून मिशन के तहत पहली बार किसी इंसान ने चांद पर कदम रखा था। नील आर्मस्ट्रॉन्ग वो पहले एस्ट्रोनॉट थे जिन्होंने चांद पर पहुंचने के साथ ही इतिहास में अपना नाम दर्ज करवा दिया। उनके बाद उनके साथी बज एलड्रिन चांद पर उतरे थे। इस स्पेस मिशन में तब 25 अरब डॉलर, यानी आज के मुताबिक करीब 2 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए थे। अमेरिका में 29 जुलाई 1958 को नासा का गठन हुआ था और इसके 11 साल बाद ही स्पेस एजेंसी ने कीर्तिमान रच दिया। इसी के साथ स्पेस वॉर में अमेरिका ने दूसरे सभी देशों को पीछे छोड़ दिया। अपोलो-11 मिशन को मिलाकर अब तक कुल 12 बार लोग चांद पर पहुंच चुके हैं। हालांकि, कई थ्योरीज ऐसी भी हैं, जिनके मुताबिक, नासा का मशहूर अपोलो मिशन एक बहुत बड़ा झूठ था। रूस की रोसकोमोज स्पेस एजेंसी के पूर्व चीफ दिमित्री रोगोजिन ने इसी साल मई में कहा था कि अब तक इस बात के पर्याप्त सबूत मौजूद नहीं हैं कि अमेरिका कभी चांद पर पहुंचा भी था। 1950 के बाद से



ही दुनिया की दो ताकतवर शक्तियों अमेरिका और सोवियत संघ के बीच स्पेस वॉर छिड़ चुकी थी। सोवियत संघ ने लूना मिशन के जरिए अंतरिक्ष में अपनी दखलअंदाजी बढ़ानी शुरू की। जनवरी 1966 में लूना-9 ने चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड किया। ऐसा करने वाला वो पहला स्पेसक्राफ्ट था। उधर, अमेरिका भी अब तक स्पेस में कई स्पेसक्राफ्ट भेज चुका था। 1962 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी घोषणा कर चुके थे कि 60 के दशक के अंत तक अमेरिका चांद पर इंसान को भेजेगा। कैनेडी की इस घोषणा के बाद नासा मिशन की तैयारियों में लग गया। एक कठिन ट्रेनिंग के बाद नील आर्मस्ट्रॉन्ग, बज एलड्रिन और माइकल कॉलिंस को इस मिशन के लिए चुना गया। 5 साल बाद टेस्टिंग के लिए 1966 में नासा ने अनमैन्ड स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में भेजा, लेकिन इसके अगले साल ही कैनेडी स्पेस सेंटर में भीषण आग लग गई और 3 एस्ट्रोनॉट की मौत हो गई। इसके बाद भी नासा अपने मिशन में जुटा रहा। आखिरकार 16 जुलाई 1969 में अपोलो-11 स्पेसक्राफ्ट में नील आर्मस्ट्रॉन्ग, बज एलड्रिन और माइकल कॉलिंस को कैनेडी स्पेस सेंटर से चांद के सफर पर भेजा गया। अमेरिकी समयानुसार सुबह 9 बजकर 32 मिनट पर अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से अपोलो-11 ने उड़ान भरी।

व्हाइट हाउस ने कहा- भारत के साथ अमेरिका के संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत

पीएम मोदी की यात्रा महत्वपूर्ण

वाशिंगटन, 20 जुलाई (एजेंसियां)। व्हाइट हाउस ने भारत-अमेरिका के रिश्तों पर अपना पक्ष रखा। व्हाइट हाउस का कहना है कि भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते पहले से कहीं अधिक मजबूत हुए हैं। बता दें, व्हाइट हाउस के बयान से करीब एक महीने पहले पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचे थे। यहां व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनका स्वागत किया था।

घोषणाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने दैनिक समाचार सम्मेलन में कहा कि पिछले महीने पीएम मोदी की यात्रा सफल रही। पीएम मोदी की यात्रा दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण थी। भारत के साथ अमेरिका के संबंधों में पहले से अधिक मजबूती आई है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान हमने कई महत्वपूर्ण लक्ष्यों की घोषणा की थी। उन घोषणाओं में से कुछ को क्रियान्वित किया जा रहा है।

आई2यू2 पर भी बोलीं जीन

जीन का कहना है कि हम बहुत आशावादी हैं। क्योंकि घोषणाएं हमारे दीर्घकालिक भविष्य और भारक के साथ संबंधों से संबंधित है। भारत के संबंधों में मधुरता आगे भी जारी रहेगी। आई2यू2 पर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि नए समूह में भारत, अमेरिका, इस्राइल और यूएई शामिल है।

हालांकि चारों देशों के बीच पहले से ही गहरे रिश्ते हैं। चारों देशों के बीच मजबूत साझेदारी है। आई2यू2 के साथ अभी भी एक मजबूत भविष्य है। हम असल में भविष्य की संभावनाओं के बारे में उत्साहित हैं।

अमेरिका ने यूक्रेन के लिए नई सैन्य सहायता की घोषणा की

रूसी आक्रामकता का जवाब देने की तैयारी

वॉशिंगटन, 20 जुलाई (एजेंसियां)। रूस की आक्रामकता का जवाब देने के लिए अमेरिका ने बुधवार को यूक्रेन के लिए 1.3 बिलियन डॉलर के सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की। इसमें वायु रक्षा प्रणाली और हमलावर ड्रोन शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुसार, सैन्य पैकेज में सतह से हवा में मार करने में समक्ष में चार उन्नत मिसाइल सिस्टम (एनएएसएएमएस), मध्यम दूरी की वायु रक्षा बैटरियां शामिल हैं। इससे यूक्रेन को मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना करने में मदद मिलेगी। इस रक्षा प्रणाली का उपयोग अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी और इसके आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए किया जाता है।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह यूएसएआई पैकेज यूक्रेन की युद्ध आवश्यकताओं को पूरा करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही यूक्रेन के सशस्त्र बलों की अपने क्षेत्र की रक्षा करने और मध्य और दीर्घकालिक अवधि में रूसी आक्रामकता को रोकने की स्थायी क्षमता का निर्माण भी करता है।

नया सैन्य पैकेज के तहत अमेरिका कुल 12 एनएएसएएमएस यूक्रेन को देगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने पिछले नवंबर में कहा था कि एनएएसएएमएस के जरिए रूसी हमलों को रोकने में 100 प्रतिशत सफलता मिली है। इससे पहले मंगलवार को, लॉयड ऑस्टिन ने यूक्रेन को सहायता प्रदान करने वाले देशों के साथ बैठक के बाद कहा था कि हम रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की हरसंभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले काला सागर अनाज समझौते का विस्तार करने की मॉस्को की मांगों का अनुपालन करने में विफलता पर पश्चिम की आलोचना की और कहा कि अगर समझौते की सभी शर्तें पूरी होती हैं तो रूस समझौते पर लौटने पर विचार करेगा। पुतिन ने दावा किया कि मॉस्को ने पूर्व में समझौते को लगातार आगे बढ़ाकर धीरज और सहिष्णुता के साथ काम किए उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों ने अनाज समझौते को पटरी से उतारने के लिए सब कुछ किया है, उन्होंने अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पुतिन ने आरोप लगाया कि रूस को सबसे गरीब देशों को उर्वरक देने से रोका गया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले माह दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भाग लेंगे। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने यह जानकारी दी। उन पर पश्चिमी देशों द्वारा पुतिन की गिरफ्तारी का दबाव था। रूसी कब्जे वाले क्रीमिया पुल पर हमले के बाद से ही रूस की सेना लगातार यूक्रेनी क्षेत्रों को निशाना बना रही है। उसने यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह पर लगातार दूसरी रात कई हवाई हमले किए। यूक्रेनी अधिकारी ने इन हमलों को 'नारकीय' बताया और आतंकी हरकत की संज्ञा दी।

रूस संग नौसेनाभ्यास के लिए चीन ने भेजे युद्धपोत

चीन ने बुधवार को कहा कि उसने रूसी नौसेना के साथ साझा अभ्यास के लिए अपने युद्धपोतों को रवाना किया है। चीन के इस कदम से संकेत मिलता है कि यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के हमले को बीजिंग का समर्थन है।

100 साल के पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री से मिले जिनपिंग

कहा- चीन कभी पुराने दोस्तों को नहीं भूलता
ड्रैगन ने किसिंजर को लीजेंड्री डिप्लोमैट बताया

बीजिंग, 20 जुलाई (एजेंसियां)। चीन और अमेरिका के विवाद के बीच 100 साल के पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर ने गुरुवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। हेनरी किसिंजर वही अमेरिकी नेता हैं जिन्होंने 1970 के दशक में चीन से बिगड़ते रिश्तों को संभाला था। हालांकि, अभी अमेरिका ने कहा है कि ये किसिंजर की निजी यात्रा है। वो अमेरिका के प्रतिनिधि के तौर पर नहीं गए हैं।

बीबीसी के मुताबिक उनके रुतबे के चलते ये कहना गलत नहीं होगा कि वो दोनों देशों के बीच रिश्ते बेहतर करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि हाल में अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन और क्लाइमेट डिप्लोमैट चीन गए थे, लेकिन शी जिनपिंग ने उनसे मुलाकात नहीं की। जबकि वो किसिंजर से मिले और उनका गेस्ट हाउस में उनका वेलकम भी किया।

हेनरी किसिंजर ने कहा- चीन अच्छा दोस्त है

किसिंजर से मुलाकात के बाद शी ने कहा कि चीन के लोग कभी अपने पुराने दोस्तों को नहीं भूलते। अमेरिका और चीन के रिश्ते हमेशा हेनरी किसिंजर के नाम से याद रखे जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि वो सही रास्ता अपनाकर अमेरिका के साथ रिश्ते सुधारने के लिए तैयार हैं।

वहीं, किसिंजर ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते दुनिया की शांति और प्रोग्रेस के लिए अहम हैं। एक प्रेस ब्रीफ में चीन ने किसिंजर को एक लीजेंड्री डिप्लोमैट बताया है। किसिंजर ने चीन के टॉप डिप्लोमैट वांग यी और रक्षा मंत्री ली शांगफू से बुधवार को मुलाकात की थी।

इस दौरान किसिंजर ने खुद को चीन का अच्छा दोस्त बताया था। उन्होंने यह भी कहा कि चीन और अमेरिका इस स्थिति में नहीं हैं कि वो एक-दूसरे के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार करें। हेनरी किसिंजर से 100 से ज्यादा बार चीन की यात्रा कर चुके हैं।

अमेरिका के साथ मिलकर लंबी दूरी की तोपें

युद्धक वाहन बनाएगा भारत, चीन की बढ़ेगी परेशानी

वॉशिंगटन, 20 जुलाई (एजेंसियां)। पेंटागन के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया है कि सीमा पर बढ़ती चीन की चुनौती को देखते हुए भारत, अमेरिका के साथ मिलकर लंबी दूरी की तोपों और युद्धक वाहनों का निर्माण करेगा। बता दें कि बीते तीन सालों से भारत और चीन के सैनिक लद्दाख सीमा पर आमने-सामने हैं। ऐसे में अपनी परिचालन जरूरतों को देखते हुए भारत, अमेरिका के साथ मिलकर लंबी दूरी की तोपों और युद्धक वाहनों के निर्माण की तैयारी कर रहा है।

अमेरिकी संसद में उठा चीन मामला

बता दें कि हिंद प्रशांत मामलों के रक्षा उप-सचिव एली रैटनर ने अमेरिकी संसद को चीन मामले पर जानकारी देते हुए यह जानकारी दी। रैटनर ने कहा कि बाइडन प्रशासन अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को पुख्ता करने में जुटा है। अमेरिकी संसद में चीन को लेकर यह सुनवाई ऐसे समय हो रही है, जब अमेरिका और चीन के संबंधों में ताइवान और मानवाधिकार के मुद्दे पर तनाव गहराया हुआ है।

चीन से निपटने की पूरी तैयारी कर रहा अमेरिका

रैटनर ने कहा कि पेंटागन जापान की हमले का जवाब देने की क्षमता को वापस पाने में मदद कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर मिसाइलों और हथियारों की निर्माण क्षमता को विकसित कर रहा है। भारत के साथ मिलकर रक्षा क्षेत्र में सह-विकास और सह-निर्माण कर रहा है। साथ ही दक्षिण एशियाई देशों को चीन के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मजबूत कर रहा है। रैटनर ने कहा कि हम अपने भारतीय सहयोगियों के साथ लंबी दूरी की तोपों और युद्धक वाहनों के सह-निर्माण की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

भारत और चीन के बीत जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में हिंसक झड़प भी हुई थी। इस झड़प में भारत के 20 से ज्यादा सैनिक बलिदान हो गए थे। चीन को भी इसमें भारी नुकसान हुआ था लेकिन उसने सार्वजनिक रूप से इसे स्वीकार नहीं किया है। बीते दो दशकों में दोनों देशों के बीच हुई यह सबसे गंभीर झड़प थी। भारत भी साफ कर चुका है कि सीमा पर शांति हुए बिना चीन से बातचीत नहीं हो सकती।

अमेरिकी सैनिक बॉर्डर पार कर नॉर्थ कोरिया में घुसा

किम जोंग की सेना ने पकड़ा, साउथ कोरिया में भी 2 महीने जेल में रह चुका

सियोल/वॉशिंगटन, 20 जुलाई (एजेंसियां)। साउथ कोरिया में तैनात अमेरिका का एक सैनिक 18 जुलाई को बॉर्डर पार कर नॉर्थ कोरिया चला गया। यहां उसे तानाशाह किम जोंग उन के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेविस किंग नाम का ये सैनिक साउथ कोरिया में भी मारपीट के आरोपों के चलते 2 महीने जेल में काट चुका था। उसे जल्द ही अमेरिका वापस भेजा जाना था।

साउथ कोरिया में अमेरिकी फोर्सेस के प्रवक्ता कर्नल इसाक टेलर ने बताया है कि ट्रेविस ने नॉर्थ कोरिया में घुसने का काम अपनी मर्जी से और बिना इजाजत किया है। यूएन कमांड के मुताबिक जब ट्रेविस नॉर्थ कोरिया में घुसा तो वो साउथ कोरिया की एक टीम के साथ जॉइंट

सिक्योरिटी एरिया के टूर पर पानमुनजोम गांव में था। ये वहीं गांव है जहां कोरिया में हुई जंग के बाद युद्ध विराम हुआ था। वहीं, अब नॉर्थ कोरिया की सेना ये मामला सुलझाने को लेकर बातचीत की जा रही है।

ट्रेविस पर लगा था 3 लाख का जुर्माना

बीबीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रेविस किंग ने सितंबर में नाइट क्लब में एक युवक के साथ मारपीट की थी। उसने पुलिस की कार के साथ तोड़-फोड़ की और उनके खिलाफ भद्दे शब्दों का इस्तेमाल किया। इस मामले में उस पर 3,950 डॉलर यानी 3 लाख रुपए का जुर्माना लगा था। दो महीने की सजा के बाद उसे 10 जुलाई को रिहा किया गया था। ट्रेविस को सेना की निगरानी में भी रखा गया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक जब उसे वापस अमेरिका भेजने के लिए एयरपोर्ट ले जाया गया तो उसने कहा कि उसका पासपोर्ट खो गया है। इसके बाद वो उस टीम शामिल हो गया जो साउथ-कोरिया और नॉर्थ कोरिया के बॉर्डर का टूर करने जा रही थी। एक चश्मदीद ने बताया कि वो बॉर्डर क्रॉस करने के बाद जोर-जोर से हंसा था। वहीं, एक दूसरे चश्मदीद ने कहा कि जब उसने ट्रेविस को बॉर्डर क्रॉस करते देखा तो उसे लगा वो कोई टिकटॉक वीडियो बनाने के लिए ऐसी बेतुकी हरकत कर रहा है।

शुक्र है उसे देखते ही गोली नहीं मारी

अमेरिका सेना में कमांडर रह चुके रिटायर्ड जनरल रॉबर्ट अब्राम्स ने बताया कि ये सेना से जुड़ी बड़ी बात है। उन्होंने कहा- मुझे ट्रेविस की चिंता है, लेकिन इस बात की खुशी है कि नॉर्थ कोरिया की सेना ने उसे देखते ही गोली नहीं मारी। ट्रेविस को पता चल रहा होगा की नॉर्थ कोरिया अपने देश में घुसने वाले लोगों को कितना गलत और गैरकानूनी व्यवहार करता है।

हालांकि, अभी तक ये पता नहीं चल पाया है कि 23 साल के अमेरिकी सैनिक ट्रैविस किंग ने बॉर्डर पार क्यों किया। ट्रैविस किंग की मां क्लोडीन गेट्स ने एबीसी न्यूज को बताया है कि वो ये सोच भी नहीं सकती हैं कि उनके बेटा ऐसा कुछ कर सकता है। उन्होंने बताया कि ट्रेविस से उनकी बात कुछ दिन पहले हुई थी। तब उसने कहा था कि वो जल्द टेक्सास में अपने आर्मी बेस पर लौटने वाला है। 1950 से 1953 तक एक-दूसरे के खिलाफ जंग लड़ चुके अमेरिका और नॉर्थ कोरिया के बीच संबंध अच्छे नहीं है। अमेरिका नॉर्थ कोरिया पर कई तरह की पाबंदियां लगा चुका है। ऐसे में किसी अमेरिकी सैनिक का बॉर्डर पार कर नॉर्थ कोरिया जाना बड़ी घटना है।

हालांकि, ये पहला मौका नहीं है जब कोई अमेरिकी भागकर नॉर्थ कोरिया चला गया हो।

भारतीय मूल के 15 लोग गिरफ्तार, 90 लाख डॉलर की संपत्ति बरामद

टोरंटो, 20 जुलाई (एजेंसियां)। कनाडाई पुलिस ने एक बड़े संगठित कार्गो चोरी गिरोह को चलाने के आरोप में भारतीय मूल के 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी के सामान के साथ 90 लाख डॉलर से अधिक की संपत्ति बरामद की गई है।

पील्स क्षेत्रीय पुलिस की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बुधवार को कहा गया कि पील क्षेत्रीय नगर पालिका और ग्रेटर टोरंटो एरिया (जीटीए) में ट्रैक्टर-ट्रेलर और कार्गो चोरी की एक श्रृंखला की जांच के लिए मार्च में एक संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया था। जांच को प्रोजेक्ट ट्रैक्टर-ट्रेलर नाम दिया गया, जिसने आपराधिक गिरोह को नष्ट कर दिया और जीटीए के विभिन्न शहरों से भारतीय मूल के 15 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की। गिरफ्तार किए गए लोगों की उम्र 22 से 45 वर्ष के बीच है और उन पर 73 आरोप लगाए गए हैं।

कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं ने कहा कि चोरी किए गए माल में विभिन्न वाणिज्यिक सामान, एटीवी और वाहन शामिल थे, जिन्हें संदिग्धों ने कथित तौर पर विभिन्न कबाड़ी बाजारों और दुकानों में बेच दिया था। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुल 92 लाख कनाडाई डॉलर की संपत्ति बरामद की गई, जिसमें 69 लाख डॉलर की चोरी का माल और 22 लाख डॉलर की चोरी के ट्रैक्टर-ट्रेलर शामिल हैं।

पील क्षेत्रीय पुलिस जासूस मार्क हेवुड ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि संदिग्धों के एक ही समूह ने छह जीटीए स्थानों में विभिन्न आकारों के कार्गो और 28 ट्रैक्टर-ट्रेलरों को निशाना बनाया था, जिसने बाड़ को तोड़कर ट्रकों को लेकर भाग गए या सड़क के किनारे खड़े ट्रकों को चुरा लिया। सीबीसी ने हेवुड के हवाले से कहा, चोरों के समूह ने कई परिसरों को निशाना बनाया, पहले वे बाड़ को काट देते, अंदर जाते, उत्पाद चुराते, आमतौर पर ट्रक चुराते और बाड़ के ऊपर से गाड़ी चला देते थे। उन्होंने कहा, कुछ को ट्रक को स्टॉप से चुराया गया था और कुछ को सड़क के किनारे से उठाया था।

पील पुलिस की जांच और आपातकालीन सेवाओं के उप प्रमुख निक मिलिनोविच ने कहा, गिरफ्तार किए गए लोगों में से कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने बार-बार अपराध किया।

पुतिन से बगावत के बाद पहली बार दिखे वैगनर चीफ

मास्को, 20 जुलाई (एजेंसियां)। रूस की प्राइवेट आर्मी वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोजिन पुतिन के खिलाफ विद्रोह करने के बाद पहली बार नजर आए हैं।

बुधवार को प्रिगोजिन ने एक वीडियो जारी कर अपने लड़ाकों का बेलारूस में स्वागत किया। उन्होंने कहा- वैगनर अब यूक्रेन जंग में हिस्सा नहीं लेगा। उन्होंने अपने लड़ाकों को अफ्रीका के लिए नए सफर की शुरुआत करने

का आदेश दिया। रॉयटर्स के मुताबिक, वीडियो में प्रगोजिन ने कहा- हमने यूक्रेन में सम्मान के साथ लड़ाई लड़ी। आप सबने रूस के लिए बहुत कुछ किया। यूक्रेन में अभी जो कुछ हो रहा है वो शर्मनाक है और हमें उसमें शामिल होने की जरूरत नहीं है। हो सकता है हम इस जंग में वापस लौटें, लेकिन अभी हम कुछ समय तक बेलारूस में ही रहेंगे और तब यहां की आर्मी को दुनिया की दूसरी सबसे ताकतवर सेना बनाएंगे। वैगनर का गठन करने में शामिल रहे दिमित्री उत्किन ने कहा- ये अंत नहीं है। यह दुनिया के सबसे बड़े काम की शुरुआत है जो जल्द ही पूरा किया जाएगा।

జగనన్న సురక్షకు విశేష ఆదరణ : జడ్పీటీసీ గార

గజపతినగరం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

తమ ప్రభుత్వం చేపడుతున్న జగనన్న సురక్ష కార్యక్రమంనకు విశేష ఆదరణ లభిస్తుందని జడ్పీటీసీ గార తవుడు అన్నారు. గురువారం మండలలోని మరుపల్లి, జిన్నాం, గ్రామాల్లో చేపట్టిన జగనన్న సురక్ష కార్యక్రమలో ఆయన పాల్గొన్నారు. ఈ సందర్భంగా ఆయన మాట్లాడుతూ జగనన్న సురక్ష కార్యక్రమంతో ప్రజలకు ఎంతో మేలు జరుగుతుందన్నారు. రాష్ట్ర వ్యాప్తంగా రికార్డు స్థాయిలో ప్రజలు ఈ కార్యక్రమం లబ్ధిపొందుతున్నారన్నారు. ఇదో గొప్ప కార్యక్రమంగా అభివర్ణించారు. ఎంపిడిఒ కె.కిశోర్‌కుమార్, తహశీల్దార్ ఎం.అరుణకుమారి, బూడి వెంకటరావు, సర్పంచ్‌లు రామునాయుడు, రామలక్ష్మి, కార్యదర్శి జి.కృష్ణ తదితరులు పాల్గొన్నారు.

అర్హత ఉన్న ప్రతి యువతి, యువకులకు ఓటు హక్కు కల్పించాలి

తెర్లాం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

18 సంవత్సరాలు దాటి అర్హత కలిగిన ప్రతి యువతీ,యువకులకుఓటు హక్కు కల్పించాలని బొబ్బిలి ఆర్డీఒ బి.శేషశైలజ అధికారులకు ఆదేశించారు. గురువారం స్థానిక తహశీల్దార్ కార్యాలయంలో అందరూ అధికారులతో సమావేశం ఏర్పాటు చేశారు. ఈ సందర్భంగా ఆమె మాట్లాడుతూ నేటి నుంచి జగనన్న ఇంటింటి సర్వేలో ఖచ్చితమైన చిరునామాను డోర్ నెంర్ ఉండేటట్లు చూడాలన్నారు. ఒకే కుటుంబానికి చెందిన ఓటర్ల అందరూ ఒకే భూత్‌లో ఉండేటట్లు సవరించాలన్నారు. ఒక్కరూ ఓటరు కార్డుకు ఆదార్ అనుసంధానం చేయించుకునేలా చూడాలన్నారు. ఇంతవరకు సర్వే ఎన్ని ఎకరాలు చేశారో అడిగి తెలుసుకున్నారు. విధి నిర్వహణలో అలసత్వం వహిస్తే కఠిన చర్యలు తప్పవన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో ఆమెతో పాటు తహశీల్దార్ రత్నకుమార్, హెచ్‌డిటి జి.బాస్కరరావు, మండల సర్వేయర్ వెంకటరమణ, సచివాలయ సర్వేయర్లు పాల్గొన్నారు.

సదునుగూడ రోడ్డుకు భూమి పూజ చేసిన ఎమ్మెల్యే పుష్ప శ్రీవాణి

గుమ్మలక్ష్మీపురం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

మండలంలోని లక్కగూడ పంచాయతీ పరిధిలో గల లక్కగూడ నుంచి గిరిశిఖర గ్రామమైన సదునుగూడ గ్రామానికి గురువారం మాజీ మంత్రి, ఎమ్మెల్యే పాముల పుష్పశ్రీవాణి బి.టి రోడ్డు నిర్మాణానికి భూమి పూజ నిర్వహించారు. ఈ రోడ్డు నిర్మాణ పనులకు ఉపాధిహామీ నిధుల నుంచి సుమారు 75 లక్షల రూపాయల వ్యయంతో చేపట్టనున్నారు. శంకుస్థాపనకు విచ్చేసిన ఎమ్మెల్యేకు గిరిజన మహిళలు పెద్దఎత్తున హాజరై డప్పు వాయిద్యాలతో మంగళహారుతులు ఇచ్చి ఘనస్వాగతం పలికారు. ఈ భూమి పూజ అనంతరం స్థానిక ఎంపిపి కె.దినమయ్య మాట్లాడుతూ గిరిజన అభివృద్ధికి జగన్ ప్రభుత్వం కృషి చేస్తోందన్నారు. గతంలో ఎన్నో ప్రభుత్వాలు మారిన నేటికి ఎన్నో గిరిజన గ్రామాలకు సరైన రహదారి సౌకర్యం లేక గిరిజనులు ఎన్నో ఇబ్బందులు ఎదుర్కొనానరన్నారు. మన ముఖ్యమంత్రి జగన్మోహన్‌రెడ్డి పాలనలో మన ఎమ్మెల్యే పుష్పశ్రీవాణి హయాంలో ఏజెన్సీలోని పలు గిరిజన గ్రామాలకు రోడ్డు నిర్మాణాలు పూర్తి చేసి గిరిజన ప్రజలకు రహదారి సౌకర్యం కల్పించడం జరిగిందన్నారు. ఎమ్మెల్యే హయాంలో మండలంలోని గొయ్యపాక, బీరుపాడు కీసర, డోలుకోన నేడు లక్కగూడ, సదునుగూడ మరెన్నో రోడ్డు సౌకర్యం లేని గిరిజన గ్రామాలకు ఎమ్మెల్యే కృషితో రోడ్డు సౌకర్యం ప్రజలకు కల్పించడం జరిగిందన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో లక్కగూడ సర్పంచ్ సూర్య, జడ్పీటీసీ ఎం.రాధిక, వైస్ ఎంపిపి లక్ష్మణరావు, వైసిపి సీనియర్ నాయకులు గోపాల్, ఎస్.గోపాల్, పలు గ్రామాల సర్పంచ్‌లు, ఎంపిటిసిలు సచివాలయ కన్వీనర్లు, గిరిజన ప్రజలు పెద్దఎత్తున పాల్గొన్నారు.

జగనన్నతోనే సంక్షేమ పాలన : ఎమ్మెల్యే కళావతి

సీతంపేట,జూలై 20 ప్రభాతవార్త

రా ష్ట్ర ముఖ్యమంత్రి వైఎస్ జగన్మోహన్‌రెడ్డితోనే రాష్ట్ర ప్రజలకు సంక్షేమపాలన అందుతుందని పాలకొండ నియోజకవర్గ శాసనసభ్యురాలు వి కళావతి అన్నారు.గురువారం మండలంలోని పులిపుట్టి సచివాలయం పరిధిలోని పి.పి.ఈత మానుగూడ, కొత్తగూడ, కళ్లంగూడ,ముకుందాపురం, ఇప్పగూడ, బూరమానుగూడ,ఆనపకాయలగూడ,కె గుమ్మడ,బిల్లుమడ గ్రామాల్లో గడపగడపకు మన ప్రభుత్వం కార్యక్రమాన్ని నిర్వహించారు.ఈ కార్యక్రమంలో ఎమ్మెల్యే వి కళావతి పాల్గొని ప్రతీ గ్రామంలోని ఇంటింటికి వెళ్లి ప్రభుత్వం అందిస్తున్న సంక్షేమ పథకాలు గూర్చి వివరించారు.మేనిఫెస్టోలో పేర్కొన్న అన్ని హామీలను నెరవేరుస్తున్న ఘణత వైఎస్ జగన్ ప్రభుత్వానిదేనని అన్నారు.ఈ కార్యక్రమంలో ఎంపిపి బిడ్డిక ఆదినారాయణ,ఏఎంసి డైరెక్టర్ హెచ్ మోహనరావు,జెడ్‌పిటిసి సవర లక్ష్మి,సర్పంచ్‌లు,ఎంపిటీసిలు పాల్గొన్నారు.

రాష్ట్రం సుభిక్షంగా ఉండాలంటే జగన్మోన్‌రెడ్డి పాలన ఉండాలి

గుర్ల, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

అభివృద్ధి, సంక్షేమమే లక్ష్యంగా ముఖ్యమంత్రి వై.ఎస్.జగన్మోహన్‌రెడ్డి నేతృత్వంలో రాష్ట్ర ప్రభుత్వం పని చేస్తోందని జిల్లా వైఎస్సార్ పార్టీ ప్రధాన కార్యదర్శి కె.వి.సూర్యనారాయణరాజు (పులిరాజు) జడ్పీటీసీ శీర అప్పలనాయుడు ఎంపిపి ప్రతినిధి సన్యాసినాయుడు పేర్కొన్నారు. గురువారం జగనన్న సురక్ష కార్యక్రమంలో గుజ్జంగివలస, పకీరుకిత్తలి సచివాలయంలో జరిగిన కార్యక్రమానికి వారు ముఖ్య అతిథిగా పాల్గొని ప్రసంగించారు. ప్రజా సమస్యల పట్ల చిత్తశుద్ధి కలిగిన వై.ఎస్.జగన్మోహన్‌రెడ్డి లాంటి ముఖ్యమంత్రి రాష్ట్రాన్ని పాలించడం ప్రజల అదృష్టమన్నారు. అటువంటి నాయకుని వద్ద పని చేయడం వల్ల ఎలాంటి సమస్య అయినా పరిష్కరించగలుగుతున్నామని ధీమా వ్యక్తం చేశారు. అందుకే ధైర్యంగా ప్రజల్లోకి వెళుతున్నామని చెప్పారు. ముఖ్యమంత్రి అమలు చేస్తున్న నవరత్న పథకాలు పేదల జీవితాల్లో వెలుగు నింపుతున్నాయన్నారు. సచివాలయ, వాలంటీర్ వ్యవస్థ ద్వారా ప్రభుత్వ పథకాలను నేరుగా ప్రజలకు చేరేలా సీఎం జగన్ పారదర్శక పాలనను ప్రవేశపెట్టారన్నారు. 11 సేవల ఉచితంగా అందించడం జరుగుతుందన్నారు. గత ప్రభుత్వంలో జన్మభూమి కమిటీలు పేరుతో నచ్చిన వారికి పథకాలు అందేవన్నారు. నేడు ఆ దుస్థితి లేదన్నారు. పారదర్శక పాలన అందించడం జరుగుతుందన్నారు. నాడు-నేడు కార్యక్రమం ద్వారా ప్రతి గ్రామంలో సర్కారు బడులకు మౌలిక వసతులు కల్పిస్తున్నారన్నారు. ప్రభుత్వ వైద్య సేవలను ప్రజలకు మరింత దగ్గర చేయాలనే ఉద్దేశ్యంతో ప్రతి గ్రామంలోనూ వెల్నెస్ సెంటర్ ఏర్పాటు చేయడం జరుగుతోందని తద్వారా పేద ప్రజలందరికీ నాణ్యమైన సత్వర వైద్యం అందించాలన్నదే సీఎం పాలన ద్వారా మాకర్థ మైన సాధ్యమవుతుందన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో జిల్లా పశుగణాభివృద్ధి చైర్మన్ బంగారునాయుడు,వైస్ ఎంపిపి తోట తిరుపతిరావు, గూడెం సొసైటి చైర్మన్ రెడ్డి మురళీధరరావు, మాజీ ఎంపిపి అట్టాడ రామకృష్ణ, గూడెం సొసైటి చైర్మన్ రెడ్డి మురళీధరరావు, జిల్లా వ్యవసాయ సలహా మండలి సభ్యులు కెంగువ మధు, ఎంపిటిసి, సంధ్యారాణి, రెడ్డి అప్పలనర్సయ్య, మాజీ సర్పంచ్ వెంపడాపు సూర్యనారాయణ, అట్టాడ లక్ష్మునాయుడు, అట్టాడ అప్పలరాజు, జమ్ము స్వామినాయుడు తదితరులు పాల్గొన్నారు.

గోవిందపురం ఆర్‌బికెలో ఎరువులు పంపిణీ

సంతబొమ్మాళి, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

మండలంలోని గోవిందపురం రైతుభరోసా కేంద్రంలో రైతులకు గురువారం ఎరువులు పంపిణీ చేశారు. ప్రభుత్వం సబ్సిడీపై అందించే యూరియా, డిఏపిను స్థానిక సర్పంచ్ రెయ్యి రామిరెడ్డి ఆ పరిధిలో ఉండే రైతులకు పంపిణీ చేశారు. పంచాయతీ కార్యదర్శులు మందపాక నర్సింగరావు, పల్లి రామారావు, పీస పాపారావు, పల్లి సింహాచలం, పల్లి రామచంద్రరావు, అగ్రికల్చర్ అసిస్టెంట్ బాలకృష్ణ, గ్రామపెద్దలు,రైతులు పాల్గొన్నారు.

కిడ్నీ బాధితుడికి కన్నారావు ఆర్థిక సహాయం

మందస, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

మండలంలో హరిపురం గ్రామ నివాసి అయిన రోకల అనిల్‌కుమార్ కిడ్నీ ఇన్ఫెక్షన్‌తో బాధ పడుతున్నారని ప్రముఖ వ్యాపారవేత్త, బిజెపి నాయకుడు, గాయత్రి చారిటబుల్ ట్రస్ట్ చైర్మన్ కొర్ల కన్నారావుకి కొద్ది మంది వ్యక్తులు ఈ విషయాన్ని అందించారు. వెంటనే స్పందించిన కన్నారావు అనిల్ కుటుంబ సభ్యుల నిమిత్తం కొరకు 5వేల రూపాయల ఆర్థిక సాయం అందించారు. అనిల్‌కుమార్‌కి అన్ని విధాలుగా సహాయ సహకారాలు ఉంటాయని తెలిపారు. ఈ కార్యక్రమంలో కొంథాడ సురేష్, చిరంజీవి, మురళీ పాల్గొన్నారు.

గిరిజన హక్కులు, చట్టాలపై దాడి చేస్తున్న ప్రభుత్వాలు

కురుపాం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

తమ స్వార్థ రాజకీయాల కోసం కేంద్ర,రాష్ట్ర ప్రభుత్వాలు గిరిజన హక్కులు, చట్టాలపై దాడి చేస్తున్నాయని ఏపి గిరిజన సంఘం రాష్ట్ర ఉపాధ్యక్షులు, కె.చిన్నంనాయుడు అన్నారు. కురుపాంలో గిరిజన సంఘం ఏడవ మహాసభలు రెండు రోజుల పాటు నిర్వహిస్తున్నారు. మొదటి రోజు మహాసభ సందర్భంగా రావాడ కూడలి నుంచి కురుపాం ఆర్టీసీ కాంప్లెక్స్ వరకు బారీ ర్యాలీ నిర్వహించారు. అనంతరం ఏర్పాటు చేసిన బహిరంగ సభలో ముఖ్య అతిథిగా పాల్గొన్న ఆయన మాట్లాడుతూ రాజ్యాంగం గిరిజనులకు కల్పించిన హక్కులు చట్టాలను పాలకవర్గాలు పూర్తిగా రక్షణ లేకుండా చేస్తున్నాయని అన్నారు. రాజ్యాంగాన్ని పూర్తిగా నిర్వర్యం చేస్తూ పాలన సాగిస్తూ వదిని అన్నారు. ఆదాని, అంబాని కార్పొరేట్ వ్యక్తులకు టూరిజం పేరుతో 23 పవ్వుత్ ప్రాజెక్టులకు అనుమతి ఇచ్చిందన్నారు. కంపెనీల పేరుతో అనుమతులు ఇస్తూ అడవి నుంచి గిరిజనులను వెలగొట్టేందుకు ప్రయత్నాలు సాగిస్తోందన్నారు. కంపెనీల పేరుతో అనుమతులు ఇస్తూ అడవి నుంచి గిరిజనులను వెలగొట్టేందుకు ప్రయత్నాలు సాగిస్తోందని అన్నారు. ఇదే జరిగితే తరతరాల నుంచి అడవిని నమ్ముకున్న బతుకున్న గిరిజనులు దూరం కాక తప్పదని హెచ్చరించారు. రాష్ట్రంలో ఉన్న పార్టీలన్ని మోడికి భజన చేస్తున్నాయని విమర్శించారు. కార్యక్రమంలో జిల్లా రైతు సంఘం అధ్యక్షులు కృష్ణమూర్తి, ఏపి గిరిజన సంఘం జిల్లా ప్రధాన కార్యదర్శి సీదరపు అప్పలరాజు, కార్యదర్శి మండంగి శ్రీనివాసరావు, జిల్లా గౌరవాధ్యక్షులు మండంగి రమణ వివిధ మండల నాయకులు, కార్యకర్తలు, అభిమానులు పెద్ద సంఖ్యలో హాజరయ్యారు.

మోడీ పాలనలో దేశం అభివృద్ధి వైపు దూసుకెలుతుంది

గజపతినగరం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

"ప్రధాని నరేంద్రమోడీ తొమ్మిదేళ్ళపాలనలో దేశం అభివృద్ధి వైపు దూసుకెళుతుందని నియోజకవర్గ కన్వీనర్ దేవర ఈశ్వరరావు అన్నారు. ఘర్‌ఘర్‌కి సంపర్క్‌లో భాగంగా గురువారం పురిటిపెంట న్యూకాలనీలో తొమ్మిది సంవత్సరాలతమ పాలనపై ముద్రించిన కరపత్రాలను ఇంటింటికి పంపిణీ చేశారు. ఈ సందర్భంగా ఆయన మాట్లాడుతూ ప్రపంచదేశాలు భారతదేశ ప్రగతిని చూసి ప్రశంసిస్తున్నాయన్నారు. నరేంద్ర మోడీ పాలనలో దేశ్యాభివృద్ధి ఉన్నత శిఖరాలను తాకిందన్నారు. కేంద్రం ప్రవేశపెడుతున్న పథకాలు కొనిన రాష్ట్రాలోని ప్రాంతీయ పార్టీలు తమవిగా చెప్పుకుంటూ పబ్బం గడుపుకొంటున్నాయన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో బిజెపి మండల అధ్యక్షుడు ఏడుకొండలు, ఎస్సీ మోర్చ కార్యదర్శి గౌరీ రామకృష్ణ, గోవాలరావు తదితరులు పాల్గొన్నారు.

రహదార్లుకు ప్రాధాన్యత

కురుపాం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

కురుపాం నియోజకవర్గంలో ప్రతి గ్రామానికి రహదారి సౌకర్యం కల్పించడమే తన ధ్యేయమని ఎమ్మెల్యే పుష్ప శ్రీవాణి అన్నారు. గురువారం కురుపాం మండలం ఒబ్బంగి పంచాయతీ పొక్కిరి, ఈతమానుగూడ నుంచి గజాలి గ్రామం వరకు 60 లక్షలతో మంజూరైన 900 మీటర్ల బిటి రోడ్డు పనుల శంకుస్థాపనకు చేశారు.ఈ కార్యక్రమంలో ఎంపిపి శెట్టి పద్మావతి జడ్పీటీసీ గొర్లె సుజాత, ఎంపిపి అన్నాజీ, సర్పంచ్, ఎంపీటీసిలు, గ్రామ ప్రజలు పాల్గొన్నారు.

అవ్వ తాతలకు వైఎస్సార్ కంటి వెలుగు ద్వారా తనిఖీలు

దత్తిరాజేరు, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

మండల పరిధిలోగల పాచలవలస సచివాలయ వద్ద అవ్వ తాతలకు వైఎస్సార్ కంటి వెలుగు ద్వారా విజయనగరం కంటి వైద్యులు డాక్టర్ లక్ష్మీనారాయణ మూర్తి ఆధ్వర్యంలో గురువారం ఉచిత వైద్య తనిఖీలు నిర్వహించారు. 80 మంది రోగులకు కంటి పరీక్షలు చేయగా అందులో 15 మంది రోగులకు కంటి అద్దాలు పడతాయని ఆరుగురికి కంటి ఆపరేషన్లు పడతాయన్నారు. మిగతా 60 మందికి ఉచితంగా కల్లుకి మందులను అందజేశారు. కంటి ఆపరేషన్లు చేయనున్న వారికి విశాఖ పుష్పగిరి కంటి ఆసుపత్రికి తీసుకెళ్లి ఆపరేషన్లు ఉచితంగా చేయిస్తామన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో సచివాలయ కన్వీనర్ సుమల వెంకటప్పలనాయుడు, ఎంఎల్‌హెచ్‌పి శిరీష, ఎఎన్ఎం భారతి, ఆశ కార్యకర్తలు పాల్గొన్నారు.

విఆర్ఏలు తమ సమస్యలు పరిష్కారం కోరుతూ రిలేదీక్షలు

లక్కవరపుకోట, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

మండల కేంద్రంలోని తహశీల్దార్ కార్యాలయం వద్ద గురువారం మండలంలోని విఆర్ఏలు తమ సమస్యలు పరిష్కారం కోరుతూ రిలేదీక్షలు చేపట్టారు. ఈ దీక్షకు మద్దతుగా సిటు వ్యవసాయ కార్మిక సంఘం జిల్లా నాయకులు గాడి అప్పారావు మండల సిఐటియు అధ్యక్షులు తెరిని వెంకటరమణలు దీక్ష శిబిరాన్ని సందర్శించి విఆర్ఏలకు మద్దతు తెలిపారు. ఈ సందర్భంగా వారు మాట్లాడుతూ విఆర్ఏలు అతి తక్కువ జీతాలకు పని చేస్తున్నారని వీరికి సంబంధించి ఎన్నో సమస్యలు ప్రభుత్వం పరిష్కరించకుండా వదిలేయడంతో ఎన్నోసార్లు ప్రభుత్వానికి పరిష్కారం కోసం అభ్యర్థించిన ఒక్క సమస్య కూడా పరిష్కరించకపోవడంతో ప్రభుత్వ నిర్లక్ష్య ధోరణికి వ్యతిరేకంగా ఉద్యమ బాట పట్టారన్నారు. విఆర్ఏల సమస్యలు పరిష్కరించేందుకు పోరాట చూపాలన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో విఆర్ఏ సంఘం మండల అధ్యక్షుడు కొళ్ళాడ మహేష్, ఉపాధ్యక్షుడు రాంబాబు తదితరులు పాల్గొన్నారు.

అగ్ని వీర్ ఆర్మీ ర్యాలీ ఏర్పాట్లు పర్యవేక్షించిన ఎస్పీ ఎం.దీపిక

విజయనగరం రూరల్, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

విజయనగరం పోలీసు శిక్షణ కళాశాల పెరేడ్ గ్రౌండ్లను గురువారం ఆగస్టు 2వరకు జరిగే అగ్ని వీర్ ఆర్మీ నియామక ర్యాలీ సందర్భంగా ఏర్పాటు చేసిన భద్రత ఏర్పాట్లను జిల్లా ఎస్పీ ఎం.దీపిక స్వయంగా పర్యవేక్షించారు. ఆర్మీ అధికారి జీవన్ రండవ నియామక ప్రక్రియను జిల్లా ఎస్పీకి వివరించారు. ఈ కార్యక్రమంలో భద్రత పర్యవేక్షణ నోడల్ అధికారి అయిన ఎఆర్‌డిఎస్పీ ఎల్.శేషాద్రి సిఐలు ఈ నర్సింహామూర్తి, విద్యాసాగర్, శోభన్‌బాబు, కాంతారావు, ఇతర అధికారులు సిబ్బంది పాల్గొన్నారు.

ఓటర్ల సర్వే పక్కాగా చేయాలి : ఐటిడిఏ ఈవో కల్పనకుమారి

సీతంపేట, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

ఓటర్ల సర్వే పక్కాగా,పారదర్శకంగా చేయాలని ఐటిడిఏ పీవో కల్పనకుమారి ఆదేశించారు.గురువారం మండలంలోని జి గుమ్మడ,దబర గ్రామాల్లో జరుగుతున్న ఓటర్ల సర్వేను పరిశీలించారు.ఈ సందర్భంగా పీవో మాట్లాడుతూ ఒట్లను తొలగించేటప్పుడు జాగ్రత్తగా అన్నీ పరిశీలించి తొలగించాలని అన్నారు.సర్వేలో కేవలం బిఎల్ఓలు మాత్రమే పాల్గొనాలని సూచించారు.గ్రామ వాలంటీర్ల ప్రమేయం ఉండకూడదన్నారు.సర్వే చేసిన నివేదికను ప్రతీరోజు తహశీల్దార్ కార్యాలయానికి సమర్పించాలని సూచించారు.ఈ పరిశీలనలో పీవోతో పాటు సచివాలయ సిబ్బంది ఉన్నారు.

మలాథిన్ స్ప్రెయింగ్

సీతంపేట, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

మండల కేంద్రం సీతంపేటలోని వీధుల్లో మలాథిన్ స్ప్రెయింగ్ చేపట్టారు.పంచాయతీ కార్యదర్శి సుదర్శనరావు ఆధ్వర్యంలో పంచాయతీ సిబ్బంది ఎస్సీ వీధిలో మలాథిన్ స్ప్రెయింగ్ చేపట్టారు.వర్షాలు విస్తారంగా కురుస్తుండడంతో దోమల నివారణలో భాగంగా స్ప్రెయింగ్ చేపడుతున్నట్లు సెక్రటరీ పేర్కొన్నారు.పరిసరాలు పరిశుభ్రంగా ఉంచుకోవాలని ప్రజలకు సర్పంచ్ ఆరిక కళావతి సూచించారు.

జగనన్న సురక్షపై సమీక్ష సమావేశం

నందిగాం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

నందిగాం మండల పరిషత్ కార్యాలయంలో కణితివూరు, లభిదానుపురం, దేవలభద్ర గ్రామ సచివాలయాల సిబ్బంది, వాలంటీర్లతో జగనన్న సురక్ష కార్యక్రమం అమలు జరుగుతున్న సంక్షేమ కార్యక్రమాలు, అభివృద్ధి కార్యక్రమాలపై సమీక్ష సమావేశం నందిగాం ఎంపిపి నడుపూరు శ్రీరామమూర్తి నిర్వహించారు. కార్యక్రమంలో ఎంపీడీఓ శివప్రసాద్, ప్రజాప్రతినిధులు సర్పంచ బైరాగి, పల్ల అప్పారావు, పొందల లచ్చయ్య, నడుపూరు పాపారావు, సచివాలయ సిబ్బంది, వాలంటీర్లు పాల్గొన్నారు.

జగనన్న సురక్ష ఒక సువర్ణ అవకాశం : ఎమ్మెల్యే కళావతి, ఎమ్మెల్సీ విక్రాంత్

వీరఘట్టం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

జగనన్న సురక్ష వివిధ వర్గాల లబ్ధిదారులకు ఒక సువర్ణ అవకాశం అని ఎమ్మెల్యే విశ్వాసరాయి కళావతి, ఎమ్మెల్సీ పాలవలస విక్రాంత్‌లు అన్నారు. గురువారం మండలంలోని వండువ గ్రామంలో జరిగిన జగనన్న సురక్ష కార్యక్రమానికి వారు హాజరైన సందర్భంగా మాట్లాడారు. జగనన్న సురక్ష కార్యక్రమం ప్రత్యేకించి నిర్ణీత పత్రాల వల్ల పథకాలు పొందలేనివారికి ఒక అవకాశంగా నిలుస్తుందన్నారు. అర్హులైన అభ్యర్థులందరూ మండలాల్లో నిర్వహిస్తున్న జగనన్న సురక్ష శిబిరాలను సంప్రదించి పత్రాలను పొందవచ్చని తెలిపారు. అర్హులైన వారందరూ ఈ పథకాలను సద్వినియోగం చేసుకోవాలని ముఖ్యమంత్రి వైఎస్ జగన్మోహన్‌రెడ్డి ఆకాంక్ష అన్నారు. ముఖ్యమంత్రికి పేదల పట్ల ప్రేమ, అపేక్షాభావం ఉన్నాయని అందుకే దేశంలో ఎక్కడా లేని విధంగా రాష్ట్రంలో అనేక సంక్షేమ పథకాలు అమలవుతున్నాయని వివరించారు. జగనన్న తోడు, జగనన్న అమ్మఒడితో పాటు అనేక పథకాలు పేదలకే దక్కుతున్నాయన్నారు. జగనన్నకు చెబుదాం అనే కార్యక్రమంలో ప్రజలు తమ ఫిర్యాదులను పరిష్కరించుకోవచ్చని తెలిపారు. ఫోనులో ఫిర్యాదులను తెలియజేయడానికి ప్రజలు టోల్‌ఫ్రీ నెంబర్ 1902కి కాల్ చేయవచ్చని ఆయన తెలిపారు. ఈసందర్భంగా పలువురికి ధృవపత్రాలు అందజేశారు. ఈ కార్యక్రమంలో ఎంపీపీ దమలపాటి వెంకటరమణనాయుడు, జెడ్పీటీసీ జంపు కన్నతల్లి, తహశీల్దార్ చందక సత్యన్నారాయణ, వైస్ ఎంపీపీలు వి.భార్గవ్, పి.విజయకుమార్, సర్పంచ్ మిడతన కళ్యాణి,వైకాపా నాయకులు సత్యంనాయుడు, వి.గోవిందరాజులు పాల్గొన్నారు.

పిల్లల ఆరోగ్యంపై దృష్టి పెట్టండి

జగనన్న సురక్ష కార్యక్రమంలో భాగంగా పాచిపెంటలోని మినీ గురుకులాన్ని ఉపముఖ్యమంత్రి సందర్శించారు. విద్యార్థులతో మమేకమై చదువుపై దృష్టి సారించాలని సూచించారు. పిల్లలు ఉన్నత లక్ష్యాలను సాధించాలని వాటిని చేరుకోవడానికి కృషి చేయాలని ఆయన పిలుపునిచ్చారు. ఏదైనా సమస్యను నిర్మూలించడానికి విద్య మాత్రమే ప్రధాన అంశం. అది మీ విషయంలో మార్పుకావాలి అన్నారు. పిల్లల ఆరోగ్యంపై ఉపాధ్యాయులు జాగ్రత్తగా ఉండాలని ఉపముఖ్యమంత్రి ఆదేశించారు.

ఓటరు వెరిఫికేషన్ కార్యక్రమాన్ని విజయవంతం చేయండి

పార్టీ శ్రేణులకు నిమ్మక జయకృష్ణ పిలుపు

వీరఘట్టం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

ఓటరు వెరిఫికేషన్ కార్యక్రమాన్ని విజయవంతం చేయాలని పాలకొండ నియోజకవర్గ ఇన్‌ఛార్జ్ నిమ్మక జయకృష్ణ పిలుపునిచ్చారు. గురువారం మండల కేంద్రంలోని తెలుగుదేశం పార్టీ కార్యాలయంలో నిర్వహించిన ఇంటిగ్రేటెడ్ శిక్షణా కార్యక్రమంలో పాల్గొని మాట్లాడారు. ఈ నెల 21వ తేదీ నుంచి జరిగే ఓటరు వెరిఫికేషన్ కార్యక్రమానికి ప్రతి ఒక్క తెలుగుదేశం పార్టీ బూత్ ఇన్‌ఛార్జ్ కూడా ప్రభుత్వం నియమించిన బిఎల్‌ఓతో పాటు కలిసి వెళ్లి ఓటరు వెరిఫికేషన్, హౌస్ మ్యాపింగ్ చేయాలని జయకృష్ణ అన్నారు. ఎప్పుడు ఎన్నికలు జరిగినా మనమంతా సిద్ధంగా ఉండాలని, అలాగే మన నాయకుడు నారా చంద్రబాబునాయుడు ప్రవేశపెట్టిన మినీ మేనిఫెస్టో ప్రజల దగ్గరికి తీసుకు వెళ్లాలని జయకృష్ణ అన్నారు. చంద్రబాబునాయుడు ప్రవేశపెట్టిన మేనిఫెస్టో ద్వారా ప్రతి ఒక్క కుటుంబానికి 1,22,000 అందుతుందని ఈ విషయాన్ని ప్రజల వద్దకు తీసుకు వెళ్లాలని జయకృష్ణ పేర్కొన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో వీరఘట్టం మండల నాయకులు మాజీ ఎంపిపి చైర్మన్ పొదిలాపు కృష్ణమూర్తినాయుడు, తెలుగు రైతు విభాగం పొన్నాడ నాగేశ్వరరావు వీరఘట్టం మండల అధ్యక్షులు ఉదయభాస్కర్, వీరఘట్టం పట్టణ పార్టీ అధ్యక్షులు జామి లక్ష్మీనారాయణ, తెలుగు యువత నియోజకవర్గం ఇన్‌ఛార్జ్ పారిశర్ల వెంకటరమణ, మండల తెలుగు యువత అధ్యక్షులు మాచర్ల అనిల్‌బాబు, బల్ల హరిబాబు, మండల ఎస్సీ సెల్ అధ్యక్షులు లింగాల చంటి, క్లస్టర్ యూనిట్, బూత్ కన్వీనర్లు, బూత్ ఏజెంట్లు మరియు పంచాయతీల ముఖ్య నాయకులు వీరఘట్టం మండల వివిధ హోదాల్లో ఉన్న నాయకులు పాల్గొన్నారు.

శివారు ప్రాంతాల వరకు నిరాటంకంగా సాగునీరు

తోటపల్లి సాగునీటిని విడుదల చేసిన ఎమ్మెల్సీవిక్రాంత్, ఎమ్మెల్యే జోగులు

వీరఘట్టం, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

శివారు ప్రాంతాల వరకు నిరాటంకంగా సాగునీరు అందుతుందని, రైతులు ఆధైర్యపడొద్దని ఎమ్మెల్సీ పాలవలస విక్రాంత్, రాజాం ఎమ్మెల్యే కంబాల జోగులు అన్నారు. గురువారం ప్రస్తుత ఖరీఫ్ సీజన్‌కుగాను తోటపల్లి బ్యారేజ్ వద్ద తోటపల్లి పాత ఎడమ మరియు కుడి ప్రధాన కాలువల ద్వారా సాగునీటిని విడుదల చేసిన సందర్భంగా మాట్లాడారు. ప్రతీ ఎకరానికి సాగునీరు అందాలని, ఇందుకోసం అధికారులు సరైన ప్రణాళికలతో ముందుకెళ్లాలన్నారు. ఇది రైతు ప్రభుత్వమని, రైతులకు అన్ని విధాలుగా అండగా ఉంటుందని అన్నారు. రైతులు అన్ని విధాలా సద్వినియోగం చేసుకోవాలన్నారు. ఈ కార్యక్రమంలో వంగర ఎంపీపీ ఉత్తరావల్లి సురేష్‌ముఖర్జీ, జెడ్పీటీసీ ప్రతినిధి కరణం సుదర్శనరావు,వీరఘట్టం ఎంపీపీ దమలపాటి వెంకటరమణనాయుడు, పాలకొండ వైస్ ఎంపీపీ కలపాక సూర్యప్రకాష్, గరుగుబిల్లి జిల్లా పరిషత్ వైస్‌చైర్మన్ బాపూజీనాయుడు, ఇరిగేషన్ అధికారులు ఎస్‌ఈపీ సుధాకర్, డీఈఈ దమలపాటి రవికుమార్, ఏఈఈలు బి.శంకరరావు, కె.రాజేష్, డి.వి.రమణ, తదితరులు పాల్గొన్నారు.

న్యాయం చేయకపోతే ధర్నాని ఉధృతం చేస్తాం!

రేగిడి, జూలై 20 ప్రభాతవార్త

